देश का Darpan News TV

FASTWAY

Comming Soon

काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार

प्रदेश के ताजा समाचार

अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत

7014997449, 9636058201

Email : deshkadarpannews@gmail.com

web : www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:168

जयपुर, शनिवार, 30 अगस्त 2025

मूल्य : 5.00 पेज:


# दिल्ली एनसीआर में झमाझम बारिश : यमुना का जलस्तर फिर बढ़ा, खेतों और घरों में घुसा पानी

**एजेंसी**

**नोएडा** । दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश ने एक ओर जहां उमस से राहत दी है वहीं जल भराव जैसी स्थिति से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर से तेजी से बढ़ने लगा है। लगातार हो रही बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी की वजह से नदी का पानी तटवर्ती क्षेत्रों में फैलने लगा है। हालात ऐसे हैं कि खेतों और फार्म हाउसों में पानी भर गया है और लोगों को मजबूरी में अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ रहा है। कई परिवार अब सड़कों पर टेंट और अस्थाई झुग्गियां बनाकर रहने को मजबूर हैं। यह दूसरी बार है जब इस महीने यमुना का जलस्तर बढ़ा है। इससे पहले भी भारी बारिश और बैराज से छोड़े गए पानी के चलते नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर चला गया था। स्थानीय प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है और तटवर्ती गांवों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले एक हफ्ते तक रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी बुलेटिन में 29 अगस्त से 3 सितंबर तक लगातार बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारों का अनुमान जताया गया है। 29 और 30 अगस्त को गरज-



चमक के साथ बारिश का अनुमान था, वहीं 31 अगस्त और 1 सितंबर को मध्यम बारिश के आसार हैं। इसके बाद 2 और 3 सितंबर तक गरज-चमक के साथ बारिश की आशंका जताई गई है। लगातार बारिश और पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। किसानों की फसलें डूबने लगी हैं और पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही है जिनके घर नदी किनारे बने हैं। रात-दिन हो रही बारिश और बढ़ते जलस्तर से लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से राहत शिविर लगाए गए हैं, लेकिन बढ़ते पानी और लगातार बारिश की वजह से दिक्कतें खत्म होने के बजाय और बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं।

## बिहार की जनता राजद-कांग्रेस को सबक सिखाएगी: विष्णु देव साय

**एजेंसी**

**छत्तीसगढ़** । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिहार में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल(राजद) नेता तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर सख्त ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता हमेशा से समाज के पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का अपमान करते आए हैं। साय ने इसे कांग्रेस की मानसिकता का हिस्सा बताया और कहा कि इस तरह की टिप्पणियां उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाती हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और राजद बार-बार पीएम मोदी का अपमान इसलिए करते हैं क्योंकि वे ओबीसी समाज से आते हैं। साय ने मोदी को अथक और यशस्वी नेता बताते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियां कांग्रेस-राजद की मानसिकता को दर्शाती हैं।



उन्होंने भरोसा जताया कि बिहार की जनता इन हरकतों का करारा जवाब देगी। पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वे पिछले 11 वर्षों से बिना रुके, दिन-रात कड़ी मेहनत के साथ, 140 करोड़ भारतीयों के लिए सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। बिहार की जनता अपने प्रधानमंत्री के अपमान का बदला बिहार विधानसभा चुनाव में लेगी। दरअसल, एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वोटर अधिकार यात्रा के मंच से पीएम मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। इस टिप्पणी को लेकर भाजपा कांग्रेस नेतृत्व पर हमलावर है। बता दें कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत की थी। यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में समाप्त होगी। पटना में होने वाली इस जनसभा में विपक्ष के शीर्ष नेताओं के पहुंचने की उम्मीद है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस जनसभा में शामिल होंगे।

## एक-दूसरे को नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब ना करें : मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ** । बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मंच से कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने भी इस प्रकरण पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हुई अभद्र टिप्पणी की निंदा की है।मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'देश में खासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय है। इस संबंध में सभी पार्टियों की राजनीति, पार्टी के संविधान के हिसाब से विचार और सिद्धान्तों के आधार पर, देश व करोड़ों गरीबों व आमजन के हित में होनी चाहिए, जो कि खासकर पिछले कुछ वर्षों से सही से देखने को नहीं मिल रहा है, जबकि इस दौरान देश के सामने विभिन्न प्रकार की आन्तरिक एवं बाहरी चुनौतियां काफी बढ़ी हैं।' उन्होंने कहा कि देश के उच्च सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी आदि सार्वजनिक तौर पर करके उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने के जो प्रयास किये जा रहे हैं, वह अति-दुखद व चिंतनीय है। खासकर चुनाव के समय यह प्रक्रिया और भी अधिक विषैली व हिंसक हो जाती है। इसी क्रम में अभी बिहार में भी जो कुछ देखने व सुनने को मिला है, वह देश की चिन्ता को बढ़ाने वाला है। मायावती ने आगे कहा कि बसपा शुरू से ही सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त और नीति पर आयरन दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पार्टी व सरकार चलाने का साहस दिखाने वाली पार्टी होने के कारण किसी भी प्रकार की दूषित व जहरीली राजनीति के खिलाफ है और दूसरों से भी यही उम्मीद करती है कि वे देश व आमजन के हित में घिनौनी स्वार्थ की राजनीति करने से दूर रहें और एक-दूसरे को जबरदस्ती नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब ना करें तो बेहतर।



## बड़े औद्योगिक और श्रम सुधारों की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेशः योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है और औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित करना भी जरुरी है। श्री योगी ने यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहाँ पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में बताया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियाँ दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो।

बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा।

# 'भारत के स्किल्ड युवा टैलेंट में वैश्विक जरूरत पूरा करने की क्षमता',

## ▶▶ पीएम मोदी ने जापान को दिया साथ आने का न्योता

**एजेंसी**

**टोक्यो** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के मैन्युफैक्चरर्स को भारत में आकर काम करने का न्योता दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सबसे आग्रह करता हूं कि आइए, हम 'भारत में बनाएं, विश्व के लिए बनाएं।' उन्होंने मैन्युफैक्चरर्स से कहा कि 'सुजुकी' और 'डाइकिन' की सक्सेस स्टोरीज आपकी भी सक्सेस स्टोरीज बन सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिजनेस जगत के दिग्गजों से चर्चा के साथ अपने जापान दौरे की शुरुआत की। भारत-जापान इकोनॉमिक फोरम में पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री इशिबा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान, उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में, जापान हमेशा एक अहम पार्टनर रहा है। मेट्रो से लेकर मैन्युफेक्चरिंग तक, सेमीकंडक्टर से लेकर स्टार्ट-अप्स तक हर क्षेत्र में हमारी साझेदारी आपसी विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत में पॉलिटिकल और इकोनॉमिक स्टेबिलिटी है। पॉलिसी में पारदर्शिता




और प्रीडिक्ट-अबिलिटी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेज ग्रो करने वाली मेजर इकॉनमी है और हम बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने जा रहे हैं। इकोनॉमिक फोरम में प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 साल में भारत में किए गए रिफॉर्म्स का जिक्र किया और कहा कि इसके पीछे का संकल्प 'विकसित भारत' बनाने का है। उन्होंने जापान के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्र में किए गए कामों का उल्लेख किया।

पीएम मोदी ने आह्वान करते हुए कहा, 'मैन्युफैक्चरिंग और ऑटो सेक्टर में भारत-जापान की भागीदारी बेहद सफल रही है। दोनों देश वही मैजिक साथ मिलकर बैटरीज, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, शिप-बिल्डिंग और न्यूक्लियर एनर्जी में दोहरा सकते हैं। साथ मिलकर ग्लोबल साउथ, विशेषकर अफ्रीका के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का जिक्र करते हुए कहा कि जापान 'टेक पावर हाउस' है और भारत एक 'टैलेंट पावर हाउस'।

# दरभंगा में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर सीएम नीतीश कुमार बोले- ये निंदनीय

**एजेंसी**

**पटना** । बिहार के दरभंगा में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा की।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'दरभंगा में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता के खिलाफ जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने भी इस मामले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

नित्यानंद राय ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने बिहार के गौरव और सम्मान को धूमिल किया है। उन्होंने कहा, बिहार सीता माता की धरती है और उनकी धरती पर एक मां का अपमान करना घोर अपराध है। प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कहकर राजद और कांग्रेस ने बिहार के गौरव और सम्मान को धूमिल किया है। राजद और कांग्रेस के नेता



बार-बार प्रधानमंत्री और उनकी मां को आपत्तिजनक शब्दों के साथ अपमानित करते हैं। नित्यानंद राय ने कहा कि विवेकानंद की भविष्यवाणी को प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे हैं, जिसमें कहा गया कि 21वीं सदी के भारत में कोई भूखा, बेघर और अशिक्षित नहीं होगा। उन्होंने कहा,पीएम मोदी भारत से गरीबी मिटा रहे हैं। उन्होंने राजनीति और शासन से भ्रष्टाचार को खत्म किया। विपक्ष के नेता उनको और उनकी मां को अपमानित कर रहे हैं, जो बहुत अशोभनीय और निंदनीय है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां को देवी का स्थान प्राप्त है। भगवान का आह्वान करते समय भी हम सबसे पहले मां को याद करते हैं। शंकर से पहले पार्वती, राम से पहले सीता और कृष्ण से पहले राधा का नाम लिया जाता है। नित्यानंद राय बोले, ÷कहा जाता है कि जहां मां का अपमान हो, वहां विनाश होता है। इसलिए अपमान करने वाले कांग्रेस और राजद नेताओं का विनाश निश्चित है।

## गहलोत ने धौलपुर के यश और प्रांशु के जम्मू कश्मीर में भूस्खलन में बह जाने पर जताई चिंता

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जम्मू कश्मीर में माता वैष्णों देवी के दर्शनों के लिए राजस्थान में धौलपुर के सैंपऊ से गए युवाओं यश एवं प्रांशु के भू स्खलन के दौरान बह जाने के बाद लापता होने की खबर पर गहरी चिंता जताई हैं। श्री गहलोत ने अपने बयान में कहा कि उनके भूस्खलन में बह जाने के बाद लापता हो जाने की खबर चिंताजनक है। उन्होंने जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अपील की है कि इन युवाओं के परेशान परिजनों को इस मुश्किल समय में हरसंभव सहायता प्रदान करें तथा इन्हें तलाशने के लिए सभी आपदा राहत एजेंसियों के समन्वय से जल्द से जल्द इन्हें तलाशने के प्रयास हो। उन्होंने कहा कि इस हादसे में राजस्थान के ही श्री शिव की मृत्यु का समाचार मिला। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना की। श्री गहलोत ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में ऑपरेशन रक्षक के दौरान झुंझुनूं जिले के लालपुर के शहीद हुए वीर सपूत इकबाल अली की शहादत पर भी नमन किया और कहा कि इस बेहद कठिन समय में हम शहीद के परिजनों के साथ है और ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें बंबल एवं धैर्य प्रदान करें।



# उत्तराखंड में फिर तबाही : रुद्रप्रयाग और चमोली में बादल फटा,सीएम धामी ने जताया दुख

**एजेंसी**

**देहरादून।** मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश के लिए अलर्ट जारी किया है। रुद्रप्रयाग और चमोली में एक बार फिर बादल फटने की खबर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को इस हादसे पर दुख जताया और युद्धस्तर पर राहत बचाव कार्य तेज होने की जानकारी दी। रुद्रप्रयाग के तहसील बसुकेदार क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेथ डुंगर तोक और चमोली के देवाल क्षेत्र में बादल फटने की घटना ने भारी तबाही मचाई है। इलाके में कुछ परिवारों के फंसने की भी खबर है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बादल फटने की घटना को संज्ञान में लिया। उन्होंने तेजी से राहत बचाव कार्य चलाने की बात कही। सीएम धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए



लिखा, ÷जनपद रुद्रप्रयाग के तहसील बसुकेदार क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेथ डुंगर तोक और जनपद चमोली के देवाल क्षेत्र में बादल फटने के कारण मलबा आने से कुछ परिवारों के फंसे होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है, इस संबंध में निरंतर अधिकारियों से संपर्क में हूं, आपदा सचिव और जिलाधिकारी से बात कर बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। बाबा केदार से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं। बता दें कि प्रदेश में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ है, जिसमें पिथौरागढ़, उधम सिंह नगर, अल्मोड़ा, नैनीताल, देहरादून समेत जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी कर रखा है। इसके साथ ही रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, और उत्तरकाशी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन भी हाई अलर्ट पर है और लोगों को नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की चेतावनी दी है।

## संघ भारत का सबसे बड़ा संगठन, समाज को जोड़ने की कोशिश स्वागतयोग्यः मौलाना शहाबुद्दीन

**एजेंसी**

**बरेली** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया भाषण और लेख जहां कई मुस्लिम संगठनों की आलोचना का विषय बने, वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी उनके समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि संघ भारत का सबसे बड़ा संगठन है और समाज को जोड़ने की दिशा में इसके प्रयासों का स्वागत किया जाना चाहिए। मौलाना रजवी ने कहा कि डॉ. मोहन भागवत भारत की महान शख्सियत और विद्वान व्यक्ति हैं। वे समय-समय पर ऐसे विचार रखते हैं जिससे देश में सकारात्मक सोच को बल मिलता है।

उन्होंने याद दिलाया कि भागवत ने पहले भी कहा था कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर मत तलाशो और हाल



ही में दिल्ली के विज्ञान भवन में दोहराया कि हर जगह शिवलिंग मत तलाशो। मौलाना के मुताबिक, इस तरह की सोच समाज में आपसी सहयोग और सभी धर्मों को साथ लेकर चलने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि संघ प्रमुख की सकारात्मक सोच हिंदू-मुस्लिम तनाव को कम करेगी। उनके बयानों और लेखों को सभी समुदायों को सकारात्मक नजरिए से देखना चाहिए। रजवी ने आगे कहा कि उपद्रव फैलाने वाले संगठनों पर अब अंकुश लगेगा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनेगा। देश की तरक्की के लिए किसी भी समुदाय से टकराव नुकसानदेह है। नफरत और टकराव से न व्यक्ति, न समाज और न ही देश आगे बढ़ सकता है। सभी समुदायों को मिलजुलकर रहना होगा। उन्होंने हाल के वर्षों की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कई जगह मस्जिदों, मदरसों और मजारों को असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया।

# राजस्थान ऑल टाइम टूरिस्ट डेस्टिनेशन – उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**एजेंसी**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने समाचार पत्र 'इकोनॉमिक टाइम्स' की ओर से गुरूवार को जयपुर में आयोजित राजस्थान बिजनेस समिट और पुरस्कार समारोह में कहा कि राजस्थान पर्यटन के विकास में निजी क्षेत्र ने अत्यंत महत्वपूर्ण और शानदार योगदान दिया है। सरकार पर्यटन व्यवसाय नहीं कर सकती अपितु एक फेसिलिटेटर के रूप में काम कर सकती है। सरकार सुविधाओं का विकास कर सकती है, जो किया जा रहा है। सरकार रोड बनवा सकती है, रेल, बस, हवाई सुविधाओं का विकास कर सकती है, जो नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटक स्थलों के संरक्षण का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में क्लाइमेट चेंज हुआ है। पहले कहा जाता था कि राजस्थान में ऑफ सीजन मे पर्यटन संभव नहीं है लेकिन इस परसेप्शन को बदलने की आवश्यकता है। राजस्थान में ऑफ सीजन में भी पर्यटन संभव है।राजस्थान ऑल टाइम टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। दिया कुमारी ने पर्यटन विकास की नई संभावनाओं के लिए आमजन का नये विचार, थीम, इनोवेशन के साथ आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन विकास के नये आइडिया को प्रोत्साहित करेगी, साल में कम से कम एक– दो बार आईफा जैसे आयोजन होते रहने चाहिए। राजस्थान में कन्सर्ट टूरिज्म, कॉन्फ्रेंस




टूरिज्म की बहुत संभावनाएं है। आज के दौर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर्यटन विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली मंच हैं।

इससे पूर्व पर्यटन कला एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा आरटीडीसी अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि राज्य में ऐतिहासिक स्मारकों से आगे भी पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक सम्भावनाएं हैं, जिन पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ते हुए दुनिया के पर्यटन का सिरमौर बन रहा है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से ट्राइबल ट्यूरिज्म सर्किट पर अच्छा काम किया जा रहा। इसी प्रकार धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, वन्य पर्यटन भी पर्यटन के अत्यंत बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप उभर रहे हैं। राजस्थान का फूड, हेरिटेज, म्यूजिक, फोक कल्चर सब कुछ अलग तरह की संभावनाओं को समाहित किये हुए है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की हवेलियों जैसी अद्भुत सांस्कृतिक विरासत राजस्थान पर्यटन को समृद्ध करती है और पर्यटन क्षेत्र में नये द्वारा खोलती है।

# कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ किया धोखा- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**जयपुर, 29 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने टोडारायसिंह में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा किया। हमारी सरकार पूर्ववर्ती सरकार के दौरान सरकारी नौकरी की भर्तियों में हुए पेपरलीक एवं फजीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पिछली सरकार के दौरान फजीवाड़ा करके नौकरी लगने वाले पकड़े जा रहे हैं और उनकी कलई लगातार खुलती जा रही है। श्री शर्मा ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पर हाईकोर्ट के फैसले के संबंध में कहा कि यह वर्ष 2021 की भर्ती थी, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने इस भर्ती के पेपरलीक को लेकर वर्ष 2023 तक कोई कार्रवाई नहीं की और युवाओं के साथ कुठाराघात किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के गठन के साथ ही हमने 16 दिसंबर को एसआईटी का गठन किया। जिसके परिणामस्वरूप एसओजी ने 56 ट्रेनी एसआई के साथ ही कई दोषियों को पकड़ा।

हमारी सरकार की कार्रवाई ने इस फैसले का आधार बनाने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। पेपरलीक के खिलाफ कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री के पीएसओ तक पहुंच चुकी है। आगे और भी मगरमच्छ पकड़े जाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के युवाओं को कांग्रेस ने रूलाने का काम किया। हमारी सरकार में पिछले डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता से परीक्षाएं आयोजित कर समय पर युवाओं को नौकरियां दे रही है और हमने पूरे साल का परीक्षा कलैण्डर भी निर्धारित किया है।

## फुलेरा स्टेशन पर कैंप कोर्ट आयोजित

**फुलेरा (राजकुमार देवाल)** आरपीएफ थाना फुलेरा द्वारा स्टेशन परिसर व रेलगाड़ियों में सघन कार्रवाई की गई। इस दौरान अनाधिकृत खानपान सामग्री बेचने, चैन पुलिंग करने, लाइन क्रॉस करने, बिना टिकट यात्रा करने तथा नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने जैसी गतिविधियों में लिप्त करीब 65 लोगों को पकड़कर फुलेरा स्टेशन पर आयोजित कैंप कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। कैंप कोर्ट की सुनवाई रेलवे मजिस्ट्रेट जयपुर दीपेंद्र सिंह शेखावत की अदालत में हुई। रेलवे की ओर से पैरवी लोक अभियोजक दीन दयाल जांगिड़ ने की। प्रस्तुत 65 आरोपियों से कुल 40 हजार 200 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, एसआई राजेश सिंह, एएसआई अशोक कुमार, कांस्टेबल महेंद्रपाल सिंह सहित आरपीएफ स्टाफ सक्रिय रहा। वहीं सीटीआई ईश्वर चंद व चेकिंग स्टाफ भी मौके पर मौजूद रहे। रेलवे प्रशासन ने आमजन को चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे रेल नियमों का पालन करें, ताकि अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# सिवान में महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा: लोकतंत्र की रक्षा के लिए उमड़ा जनसैलाब

**सिवान, 30 अगस्त 2025: बिहार के सिवान** जिले की धरती पर शुक्रवार, 29 अगस्त को महागठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' ने ऐतिहासिक रंग लिया। इस यात्रा में हजारों नौजवानों और आम जनता की जबरदस्त भागीदारी ने लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के खिलाफ बुलंद आवाज उठाई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव, माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वीआईपी नेता मुकेश साहनी, डी. राजा और एम.ए. बेबी जैसे दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने इस अभियान को और मजबूती दी।

**वोट चोरी के खिलाफ सिवान की हुंकार**

सिवान में आयोजित इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) प्रक्रिया के तहत कथित तौर पर 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने के खिलाफ जनता को जागरूक करना था। महागठबंधन नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोटर लिस्ट में हेरफेर कर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के वोट चोरी किए जा रहे हैं। सिवान में एकत्रित जनसैलाब ने इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।

**नेताओं का जोरदार संबोधन**

शहर के एक होटल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, "सिवान में वोट चोरी का मामला सामने आया है, जहां 35 साल की एक महिला को 124 साल की उम्र का बता दिया गया। यह साबित करता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है।" उन्होंने सिवान की जनता से अपील की कि वे इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने नेताओं का भव्य स्वागत करें। पूर्व बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, "मोदी जी जैसा गप्पू नेता मैंने आज तक नहीं देखा। वे जनता के अधिकारों को कुचल रहे हैं, लेकिन सिवान की जनता इसका जवाब देगी।" वहीं, जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा ने रक्फ़ प्रक्रिया को एक गहरी साजिश करार देते हुए कहा कि यदि समय पर पुनरीक्षण पूरा किया जाता, तो ऐसी गड़बड़ियां नहीं होतीं।

**जनसैलाब और उत्साह का माहौल**

सिवान की सड़कों पर हजारों की संख्या में लोग उमड़े। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, राजद जिलाध्यक्ष विपिन कुशवाहा, माले जिला सचिव हंसनाथ राम, वीआईपी जिलाध्यक्ष श्रीनिवास यादव और सीपीआई के इरफान अहमद ने दावा किया कि 29 अगस्त को सिवान की धरती पर जनता का सैलाब देखने को मिला। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें सिवान से हजारों लोग शामिल होंगे।

**राष्ट्रीय नेताओं का समर्थन**

वोटर अधिकार यात्रा में राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नेता शामिल हो रहे हैं। प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जैसे नेताओं ने इस अभियान को समर्थन दिया है। सिवान में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, "बिहार की जनता ने इस यात्रा को अपार समर्थन दिया है। यह आवाज अब पूरे देश में गूंज रही है और बीजेपी को सत्ता से बाहर करना होगा

राहुल गांधी ने इस यात्रा को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संग्राम बताया। उन्होंने कहा, "वोट आपकी पहचान और नागरिकता का आधार है। अगर वोट चोरी होगा, तो आपकी जमीन और राशन भी छीन लिया जाएगा।" तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग को "गोदी आयोग" करार देते हुए कहा कि यह बीजेपी का कार्यकर्ता बन गया है। उन्होंने बिहार की जनता से अपील की कि वे इस यात्रा में शामिल होकर अपने वोट के अधिकार की रक्षा करें।

**आगामी रणनीति**

महागठबंधन की यह यात्रा बिहार के 23 जिलों से होकर गुजर रही है और 1 सितंबर को पटना में एक ऐतिहासिक रैली के साथ समाप्त होगी। इस अभियान ने न केवल वोट चोरी के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में लाया, बल्कि महागठबंधन की एकजुटता को भी प्रदर्शित किया। सिवान की इस ऐतिहासिक भागीदारी ने साबित कर दिया कि बिहार की जनता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है

## श्री बालाजी मंदिर खैरथल से तृतीय बालाजी डाक ध्वजा यात्रा मेहंदीपुर बालाजी के लिए प्रस्थान करेगी आज

**खैरथल संवाददाता अमित शर्मा**

**खैरथल** शहर के पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर खैरथल से तृतीय डाक ध्वजा यात्रा शनिवार आज शाम को 7:15 बजे मेहंदीपुर बालाजी को प्रस्थान करेगी रवानगी से पहले विद्वान पंडितों द्वारा श्री बालाजी मंदिर में धर्म ध्वजा की पूजा अर्चना कर बालाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए मेहंदीपुर बालाजी पहुंचेगी मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी व्यापार समिति के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता भगेरी वाले के द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर यात्रा को रवाना किया जाएगा यात्रा शहर की नगर परिक्रमा करते हुए बालाजी को प्रस्थान करेगी यात्रा संयोजक श्याम सैनी ने बताया कि यात्रा में 101 सदस्यों का दल शामिल रहेगा.



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कर्नल सोनाराम चौधरी को दी श्रद्धांजलि

**जैसलमेर, 29 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन** राठौड़ ने पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता कर्नल सोनाराम चौधरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राठौड़ शुक्रवार को उनके पैतृक गांव मोहनगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने कर्नल सोनाराम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोनाराम चौधरी का जीवन राष्ट्र और समाज सेवा को समर्पित रहा है। उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर भाजपा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



## दो बाइकों की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत पांच घायल



**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना**

भरतपुर...नदबई कस्बे में उपाध्याय पाड़ा स्थित मोक्षधाम के पास 2 बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में 5 युवको के घायल होने का मामला सामने आया है। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से नदबई के राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से रिंकू को गंभीर हालत में भरतपुर रेफर किया गया जबकि अन्य 4 घायलों का नदबई में ही इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार बहरामदा निवासी दीनदयाल (27), भगवानदास (26) और कैलाश (30) मजदूरी करने नदबई आ रहे थे कि इसी दौरान पिपरऊ निवासी इलेक्ट्रीशियन रिंकू (28) और कटारा निवासी राहुल (22) भी बाइक से बिजली का काम करने नदबई आ रहे थे। दोनों बाईकों की मोक्षधाम के पास जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और पांचों युवक घायल हो गए।

## भीलवाड़ा पौराणिक देव नारायण मंदिर भादवा छट पर कोली समाज द्वारा शिखर कलश स्थापना

**सुरज वर्मा**

भीलवाडा ज़िले में कोली समाज द्वारा कोली मोहल्ला स्थिति पौराणिक भगवान देव नारायण मंदिर पर आज भादवा छट पर समाज द्वारा शिखर कलश स्थापना की गई।मंदिर के सेवक रामलाल तलाया ने बताया कि शिखर कलश स्थापना से पूर्व कलश की शोभा यात्रा निकाली जो देव नारायण मंदिर से शहीद चौक , झलकारी बाई सर्किल सिध्दि विनायक रोड , खटीक मोहल्ला, दादाबाड़ी होते हुए पंचायत भवन पहुंची जिसमें तीन सो महिलाओं ने सर पर मंगल कलश धारण करके शोभायात्रा में भाग लिया समाज के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि भादवा पंचमी पर पंचायत भवन में रात्रि जागरण का आयोजन किया गया जिसमें ओम प्रकाश प्रजापत एंड पार्टी द्वारा भगवान देव के भजन सा डु माता का लाल,म्हारे घर आया देव नारायण,बाबा रामदेव जी के भजन घोड़लियों मंगवा दे म्हारी मां आदि गाकर महिलाओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया,भजन संध्या ने कांति लाल कोली रेवदर, सावित्री कोली, पन्ना लाल कोली आदि भजन गायक कारों ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी । अध्यक्ष ओम प्रकाश सुनारिया ने बताया कि पंडित हरि ओम शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन करके संत माया राम हरी सेवा उदासीन आश्रम ,श्री श्री श्री 1008 नागपुरी महाराज भटाना की उपस्थिति में शिखर पर कलश स्थापना की गई।कार्यकम में पुर , बनेड़ा, शाहपुरा, जावद टोंक, बघेरा, केकड़ी,आदि गांव के समाज बंधुओं ने भाग लिया।समाज के कोषाध्यक्ष महेंद्र गेंडावध ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोग करने वालो का मारवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया



# सीके बिरला अस्पताल जयपुर की पहल, नि:शुल्क हेलमेट वितरण कर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश





**अजय सिंह (चिंटू)**

**जोबनेर -**

सड़क सुरक्षा को लेकर सीके बिरला अस्पताल जयपुर की ओर से एक अनूठी पहल करते हुए कालवाड़ मेगा हाईवे पर निःशुल्क हेलमेट वितरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और अस्पताल प्रबंधन के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष तौर पर डिप्टी प्रियंका वैष्णव और थाना अधिकारी सोहेल खान ने शिरकत की। दोनों अतिथियों का आयोजन स्थल पर अभिनंदन व सम्मान किया गया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हेलमेट पहनना न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि यह जीवन रक्षा का कवच भी है। सीके बिरला अस्पताल की ओर से संजीव जाजोरिया ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दीं और बताया कि छोटी-सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। उन्होंने हेलमेट के महत्व और सुरक्षित ड्राइविंग की जिम्मेदारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करने के लिए ऐसे प्रयास लगातार किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने सीके बिरला अस्पताल की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के अभियान समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश देने में मील का पत्थर साबित होंगे।

## शाहपुरा में जिला कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, दिए सुधार के निर्देश




**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा** शहर में दिनांक 29 अगस्त 2025 को जिला कलेक्टर भीलवाड़ा एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने उपखण्ड शाहपुरा के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति, ई-फाइलिंग व्यवस्था, कार्यालयों की साफ-सफाई, भवन की सुरक्षा, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवाद तथा दैनिक जनसुनवाई सहित अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।जिला कलेक्टर ने उपखण्ड कार्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां अति जिला कलेक्टर शाहपुरा ओ.पी. मीना, उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार मीना सहित समस्त कार्मिक मौजूद रहे।निरीक्षण के पश्चात अति जिला कलेक्टर कार्यालय शाहपुरा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के निरीक्षण संबंधी निष्कर्ष साझा किए और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर चर्चा की।

## रेलवे रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित 19 सितम्बर से होगा शुभारंभ

**फुलेरा( राजकुमार देवाल)** रेलवे रामलीला कमेटी की बैठक शुक्रवार दोपहर 12 बजे कैरिज शैड स्थित सभागार में डीएमई रोहित मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 19 सितम्बर से रामलीला का शुभारंभ किया जाएगा।बैठक की शुरूआत में उपस्थित कलाकारों व पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रामोतार स्वामी, दिनेश सुरोलिया, जसवंत यादव, ओमप्रकाश सैनी, पार्षद सरदार सिंह चौधरी, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, प्रमोद मीणा, पूनम कुमावत, गजेंद्र सिंह शेखावत, सुमित्रा नाथावत, मुकेश पारीक, दिलीप सुरोलिया व दुर्गा सिंह नरूका सहित कई सदस्य मौजूद रहे। फुलेरा की रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार और परंपरा का जीवंत प्रतीक है।



## राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने किया सेवादल प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



**सुरज वर्मा**

**भीलवाड़ा** ज़िले में 29 अगस्त को सेवादल कांग्रेस की पहचान और ढाल है तथा दल की पहचान सेवा कार्य को हमें बनाए रखना होगा। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने यह विचार भीलवाड़ा जिला कांग्रेस सेवादल के जिला संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन अवसर पर सेवादल के श्वेत सैनिकों को सम्बोधित करते हुऐ कहे। भीलवाड़ा जिला सेवादल कांग्रेस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में ध्वजारोहण से हुआ। राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने ध्वजारोहण किया।उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुऐ प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने सेवादल की स्थापना का इतिहास बताते हुऐ बताया कि सेवादल जिसका पहले हिन्दुस्तानी सेवादल नाम रहा था के निर्माण की सोच आजादी के आंदोलन के समय शुरू हुई जिसके परिणामस्वरू 1923 में इसका गठन हुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने अपने संबोधन में सेवादल को कांग्रेस संगठन की सेना काअग्रिम दस्ता बताया जो सेवा के साथ -साथ अनुशासित कांग्रेसी कार्यकर्ता भी तैयार करता है। सेवादल जोन प्रभारी मोहन हटेला , शाहपुरा विधानसभा प्रत्याशी नरेन्द्र रेगर ,पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल डांगी, युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशन जाट और संजय पेडीवाल कार्यक्रम के अतिथि रहे। सेवादल की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने सभी का स्वागत करते हुऐ शिविर आयोजन की तैयारियों में मिले सहयोग के लिए प्रदेश सेवादल पदाधिकारियों ,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिपाठी एवं कार्यकताओं तथा सेवादल जिला कार्यकारिणी के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम संचालन संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक कैलाश सेन और अजमेर प्रभारी विजय नागोरा ने किया । इस अवसर पर महिला सेवादल अध्यक्ष अनिता शक्तावत , यंग ब्रिगेड अध्यक्ष दीपक भारद्वाज , जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी ,पूर्व प्रधान भंवर लाल गर्ग,माण्डलगढ़ ब्लॉक पूर्व अध्यक्ष रफीक टांक,राजेन्द्र जैन,मेवाराम खोईवाल ,मंजू पोखरणा,रोशनलाल महात्मा ,मुस्ताक अली मंसूरी ,अली मंसूरी , कुन्दन शर्मा ,शिवराज सुराणा ,संदीप टेलर ,निशांत दूत खेमराज पनवा ,शांतिलाल धोलपूरिया , कस्तूरी देवी जाट, महावीर व्यास श्याम लाल पाराशर भेरूलाल सेन अब्दुल सलाम रंगरेज, हेमंत सर्वा, दलीचंद खटीक, अजय राज, महेश स्वर्णकार,महिपाल सिंह सोलंकी, शुभम वर्मा हरि सोनी विशाल भारद्वाज सद्दाम हुसैन नंदन दास बैरागी सहित कई सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के दूसरे दिन शहर में सेवादल द्वारा संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

## जंगली सुअरों द्वारा फसलों को भारी नुकसान होने एवं अतिवृष्टि से हुई खराब फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभ दिलाये जाने हेतु मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सोपा ज्ञापन



**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर के ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के समस्त किसान आपसे मांग करते हैं वर्तमान में अतिवृष्टि के कारण ग्राम पंचायत में किसानों की मक्का, ज्वार, उड़द, मूंग, कपास आदि की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। सभी किसानों को इससे निराश हुई है। कर्ज से परेशान किसान अब उक्त फसल खराबा के कारण आत्महत्या को मजबूर हो रहा है। खेतों में पानी भरा हुआ है एवं ज्यादतर बोई गई फसल नष्ट हो चुकी है। ऐसे में राज्य सरकार से क्षेत्र के समस्त किसान मांग करते हैं कि यथाशीघ्र राजस्व अधिकारियों से फसल की गिरदावरी करा फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत दिलाये जाने की कृपा करावें ।इसी के साथ पूरी ग्राम पंचायत में इन दिनों जंगली सुअरों का आतंक मचा है। हाल यह है कि खेतों में तारबन्दी होने के बावजूद भी ये सुअर नीचे गड्ढा खोदकर खेतों में प्रवेश कर जाते हैं एवं पूरी खड़ी फसल को नष्ट कर जाते हैं। इनकी पूरी पंचायत में इतनी तादाद हो चुकी है कि ग्राम पंचायत के हर गांव का प्रत्येक किसान इनसे प्रभावित हो रहे हैं एवं इतनी मेहनत करके फसल की बाठ जोड़ता किसान फसलों से वंचित हो जाता है ।

आपसे हम ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के समस्त किसान ज्ञापन पत्र प्रेषित कर मांग करते हैं कि शीघ्र प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों का मुआवजा दिलाने एवं जंगली सुअरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए सरकार कोई ठोस रणनीति बनाऐं ताकि फसलों को इनके आतंक से बचाया जा सके।



## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य के आभूषण, टेक्सटाइल, लेदर एवं हैंडीक्राफ्ट उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

## मदरसा शिक्षक कि मौत से एमडीओ संघ भयाक्रांत

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सीवान जिले अन्तर्गत मदरसा कादरिया चाचोपाली बाबूटोला गोरेयाकोठी सिवान के मदरसा शिक्षक मोनिरुल होदा को हार्ट अटैक के कारण असामयिक निधन होने पर मदरसा के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है` मदरसा डेवलपमेंट ऑगेनाईजेशन संघ सिवान के जिलाध्यक्ष कसीद अख्तर ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि मोनिरुल होदा बहुत ही नेकदिल इंसान थे लोगों, गरीबों, यतीमों कि मदद करना इनकी फितरत में शामिल था` मोनिरुल होदा का इंतकाल मदरसा शिक्षकों के लिए अपूरणीय क्षति है` उन्होंने सरकार से मांग की कि मोनिरुल होदा के आश्रितों को अनुकम्पा का लाभ देते हुए 4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान राशि उनके परिवार को मुहैया कराई जाए`

# अमानसून में राज्य में इस साल 53 प्रतिशत ज्यादा पानी बरसा

**जयपुर, 20 अगस्त।** इस वर्ष मानसून राज्य पर मेहरबान रहा है, सामान्य से 53 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज हुई है। राज्य में 15 जून से मानसून प्रारम्भ हुआ। इस साल 1 जून से 29 अगस्त तक राज्य में 543.63 मि.मि. वर्षा रेकार्ड की गई जबकि इस अवधि में राज्य में औसत 355.46 मि.मि. होती है। इस वर्ष अब तक औसत वर्षा के मुकाबले 52.94 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है।

राज्य में बांधों की कुल भराव क्षमता 13026.511 ट. उ४ है। इसके मुकाबले बांधों में 29 अगस्त तक 10830.42 पानी भराव है जो कुल क्षमता का 83.12 प्रतिशत है।

15 जून से 29 अगस्त तक कुल 19 जिलों अजमेर, बालोतरा, बारां, ब्यावर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, डीडवाना–कुचामन, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, जयपुर, जोधपुर, करौली, कोटा, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर, सीकर एवं टोंक में 60 प्रतिशत से अधिक (असामान्य) वर्षा हुई है, 17 जिलों में अत्यधिक वर्षा तथा 5 जिलों में सामान्य वर्षा हुई है।

राज्य सरकार ने अधिक वर्षा से उपजे हालातों बाढ़, जल भराव, आवास गिरने, रास्ते बंद होने जैसी स्थितियों से निपटने में उल्लेखनीय तत्परता दिखाई है। राज्य मे मानसून के दौरान 15 जून से 29 अगस्त तक विभिन्न जिलो में अतिवृष्टि के कारण बहने/डूबने से 44 व्यक्तियों, आकाशीय बिजली गिरने से 26 व्यक्तियों, दीवार/मकान गिरने से 25 व्यक्तियों यानि कुल 95 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 58 व्यक्ति वर्षा जनित हादसों के दौरान घायल हुए हैं।

बाढ़ के दौरान बहने/डूबने से एवं आकाशीय बिजली से मृत्यु पर एस.डी.आर.एफ. नॉर्म्स के अनुसार प्रत्येक मृतक के आश्रित को 4 लाख रुपए की सहायता देय है।

आपदा राहत व सहायता विभाग द्वारा बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पतियों के नुकसान होने पर उनके तात्कालिक रिपेयर व रेस्टोरेशन हेतु एस.डी.आर.एफ. नोर्म्स के अन्तर्गत 10 जिलों कोटा, डुगंरपुर, उदयपुर, टोंक, नागौर, प्रतापगढ, राजसंमद, सीकर, सिरोही एवं अलवर में सड़क/पुल, स्कूल/भवन, आंगनबाडी, स्वास्थ्य केन्द्र, सार्वजनिक भवनो के लिए 147.00 करोड रुपए के 7163 कार्य स्वीकृत किये हैं।

## पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) की कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**




श्रीमान पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) श्री राजर्षि राज आई.पी.एस. ने बताया कि अपराधो की रोकथाम एवं फरार अपराधियों की धरपकड हेतु श्रीमान महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा स्थाई वारन्टी की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत श्री ललित किशोर शर्मा–अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) के निर्देशन व श्री बालाराम–सहायक पुलिस आयुक्त अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के निकट सुपरविजन में श्री कृष्ण कुमार यादव पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना अशोकनगर जयपुर (दक्षिण) के नेतृत्व में श्री अनिल कुमार 8755, श्री लक्ष्मीनारायण कानि. 9026, श्री लक्ष्मणराम कानि 3393 गठीत पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व सतत निगरानी रखकर 02 साल से फरार स्थाई गिरफतारी वारंटी सुशील शर्मा पुत्र श्री रामप्रकाश शर्मा निवासी 1683 गुन्दी का चौक बाबा हरीशचन्द मार्ग इन्दिरा बाजार पुलिस थाना कोतवाली जयपुर को गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस थाना करणी विहार ने किया वाहन चोरी मामले का पदार्फाश

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि दिनांक 22/01/2025 को परिवादी श्री अनिल कुमार जागिड पुत्र श्री भगवान सहाय निवासी म.नं. इ–58 भुवनेश्वरी वाटिका–2 बजरी मण्डी रोड़ मीणावाला जयपुर ने पुलिस थाना करणी विहार पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि "दिनांक 12/01/2025 को शाम 6.30 बजे मैने रॉयल ब्लू होटल के पीछे मोटरसाईकिल हीरो होण्डा स्प्लेंडर प्लस नं. फ्ख14फ्र3862 खड़ी की थी जो अगले दिन सुबह चैक की तो मोटरसाईकिल वहां पर नहीं मिली, जिस पर नजदीकी बिल्डिंग पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये तो रात्री 11.06 बजे एक लड़का मोटरसाईकिल चुराकर ले जाते हुए दिखा जिसकी सूचना पी.सी.आर. को दे दी थी तलाश करवाने की कृपा करें"। इस रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 46/25 धारा 303(2) बीएनएस 2023 में पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात चोरी नकबजनी के प्रकरण में माल मुल्जिमान की तलाश हेतु अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री आलोक सिंघल के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली नगर श्री आलोक कुमार गौतम के सुपरविजन मे व थानाधिकारी पुलिस थाना करणी विहार श्री हवा सिंह पु.नि. के नेतृत्व में श्री राधेश्याम हैड कानि. 537, श्री रमेश कानि. 7364, श्री टेकचंद कानि. 11415, श्री विरेन्द्र कानि. 12085 पुलिस थाना करणी विहार की विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटना स्थल व महत्वपूर्ण रास्तों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के फुटैज चैक किये जाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई एवं आसूचना संकलित करते हुए अभियुक्त 1. किशन लाल पुत्र श्री सीताराम जाति बैरवा उम्र 31 साल निवासी गांव सदरपुरा बालाजी पुलिस थाना मालपुरा जिला टॉक हाल खनाबदोश 200 फिट बाईपास पुलिस थाना करणीविहार जयपुर 2. राकेश पुत्र श्री सुरेश चन्द जाति नाई उम्र 39 साल निवासी गांव महाविद्या कालोनी पुलिस थाना गोविन्द नगर जिला मथुरा यूपी हाल खनाबदोश 200 फिट बाईपास पुलिस थाना करणीविहार जयपुर को चिन्हित कर जुर्म स्वीकार करने पर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में चोरीशुदा मोटरसाईकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस नं. फ्ख–14–फ्र–3862 को बरामद किया गया। दौराने पूछताछ व अनुसंधान से सामने आया है कि अभियुक्तगण 200 फीट बाईपास पर खानाबदोश जिन्दगी जीते है तथा नशीले पदार्थों का सेवन करते है जो अपनी शौक मौज व नशे–पते के लिये दिन के समय आवासीय कॉलोनियों में घूमकर दुपहिया वाहनों की रैकी करते है तथा मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। अभियुक्तगणों से गहनता से अनुसंधान किया जाकर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## देवनगर हरसूलिया में बंद मकान से चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गिरफतार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 26.08.2025 को परिवादीया श्रीमती रंजना पत्नी ललित कुमार जाति अहीर निवासी देवनगर बस स्टेण्ड हरसुलिया पुलिस थाना रेनवाल मांजी जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मैं दिनांक 26/08/2025 को सुबह करीब 08.00 बजे देवनगर हरसूलिया स्थित अपने घर के ताला लगाकर बस स्टैण्ड हरसुलिया पर राशन का सामान लेने गई थी और बस स्टैण्ड से सामान लेकर घर पर वापस आयी तो देखा कि मेरे घर पर कमरे के अंदर रखी गैस सिलेण्डर की एक टंकी नहीं मिली जो अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। आदि पर प्रकरण संख्या 121/2025 धारा 331(3), 305 (ए) बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण में चोरी करने वाले अज्ञात आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी फागी श्री रामधन जाट के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी रेनवाल मांजी श्री दिलीप सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अनुसंधान किया जाकर आसूचना सकंलन व तकनीकी सहायता द्वारा चोरी की वारदात करने वाले 02 अभियुक्तों मोहित व कन्हैयालाल उर्फ रेवड़ को दबिश देकर डिटेन कर पूछताछ की तो चोरी की वारदात स्वीकार करना बताया जिस पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से चुराया गया सिलेण्डर बरामद किया गया है। आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

## प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा – 2024,

## अंग्रेजी, हिंदी और गणित के विस्तृत आवेदन संबंधी दिशा निर्देश

**जयपुर, 29 अगस्त।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु आयोजित प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2024 के अंतर्गत अंग्रेजी, हिन्दी और गणित विषयों की विचारित सूची में सफल हुए अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि विचारित सूची में अस्थायी रूप से शामिल किए गए सभी अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आइडी के माध्यम से भर्ती पोर्टल पर जाकर अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाईन भरना होगा।

विषयवार विस्तृत आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियाँ– प्राध्यापक–अंग्रेजी आवेदन प्रक्रिया 26 अगस्त से शुरू होकर 1 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक चलेगी।

## कनिष्ठ अभियंता (कृषि) संयुक्त सीधी भर्ती–2024

### दस्तावेज सत्यापन 1 सितम्बर से

**जयपुर, 30 सितम्बर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 165 पदों के लिए आयोजित कनिष्ठ अभियंता (कृषि) संयुक्त सीधी भर्ती – 2024 हेतु 350 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है।

कृषि विभाग द्वारा इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य 1 से 5 सितंबर तक पटेल भवन, एच सी एम रीपा, ओटीएस, जे एल एन मार्ग, जयपुर में किया जायेगा। अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन 6 सितंबर को किया जायेगा।

दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने से पूर्व अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन सह परीनिरीक्षा फॉर्म भरना सुनिश्चित करें। इसके लिए 30 अगस्त से 3 सितम्बर तक लिंक खोला जाएगा ।

अभ्यर्थी पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांकवार एवं रोल नम्बरवार विस्तृत सूचना कृषि विभाग की वेबसाइट https://agriculture.rajasthan.gov.in - Employee Corner - Recruitment Related - Docoument Verification पर देख सकते हैं।

## सहायक आचार्य परीक्षा–2024

## हेपाटो पैंक्रियाटो बिलियरी सर्जरी (सुपर स्पेशियलिटी) साक्षात्कार हेतु 6 अभ्यर्थी सफल

**जयपुर, 29 अगस्त।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए आयोजित सहायक आचार्य– हेपाटो पैंक्रियाटो बिलियरी सर्जरी (सुपर स्पेशियलिटी) प्रतियोगी परीक्षा–2024 का लिखित परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। यह लिखित परीक्षा 15 मई, 2025 को आयोजित की गई थी।

इस परीक्षा में उपस्थित रहे 6 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए पूर्णतः अस्थायी रूप से सफल घोषित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि साक्षात्कार के लिए सफल घोषित अभ्यर्थी को विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करके दो प्रतियों में भरकर सभी आवश्यक शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति और अन्य प्रमाण–पत्रों की फोटोकॉपी के साथ, परिणाम जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर आयोग कार्यालय में जमा कराना होगा। साक्षात्कार की तारीख के बारे में आयोग द्वारा यथासमय सूचित किया जाएगा।

अभ्यर्थी की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार की जाएगी, और पात्र पाए जाने पर ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

# जयपुर-आगरा हाईवे पर डकैती का किया खुलासा

**देश का दर्पण न्यूज**




पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्री संजीव नैन क्ढर ने बताया की पुलिस थाना बस्सी क्षेत्र में हुई डकैती की घटना का खुलाशा हेतु श्री आशाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व के सुपरविजन मे एवं श्री विनय कुमार डी. एच IPS (सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी जयपुर पूर्व) के निर्देशन में श्री महेश शर्मा पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना बस्सी जिला जयपुर पूर्व के नेतृत्व में श्री सुरेन्द्र कुमार उनि, कानि रामराज नबंर 11230, कानि राजेन्द्र नबंर 3327, कानि जितेन्द्र 11673, कानि कमलेश 10992, कानि दिनेश 8999 की टीम गठित की गयी। दिनांक 18.08.2025 को परिवादी श्री उमराव सिंह गुर्जर पुत्र श्री रामेश्वर गुर्जर जाति गुर्जर उम्र 37 साल निवासी धामस्या ढाणी नदी वाली पुलिस थाना बस्सी जयपुर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की मै दिनांक 18.08.2025 रात 12.10 एएम बजे ट्रासपोर्ट नगर से अपने घर जाने के लिये खड़ा हुआ था तभी एक रहक्ळ गाडी मेरे आगे आकर रुकी गाडी चालक ने पूछा कहा जाओगे तो मैने कहा मै धामस्या जाउंगा तो उसने कहा मैं आपको बासस्रोह स्टेशन छोड दूगा जिसके 50 रुपये लूगां मैने विश्वास कर गाड़ी में बैठ गया उस गाड़ी में मेरे अलावा एक व्यक्ति और बैठा था गाडी चालक ने फोन किया और रास्ते में और लोगो को कार में बैठा लिया और बेनाडा मोड के पास आकर बोला कि मुझे बैनाडा गांव से कार की स्टेपनी लेनी है, और ये कह कर गाडी को बैनाडा गांव की तरफ घुमा दी और कल्पना नगर ले गया जहा मुझे जबरन गाडी से बाहर निकाल कर उक्त व्यक्तियों ने गाडी के पिछे रखे लकडी के डण्डे निकाल कर मेरे को मारने लगे

जिससे मेरे शरीर में चोटे आई तथा मेरी जेब में रखे 20,000 रुपये नगद जबरन छीन लिए एक व्यक्ति ने मेरे गले से सोने की चैन को तौड ली और मेरे मोबाईल फोन छिन कर फोन पे से 1000 रुपये ट्रासफर कर दिये और मेरा बेग भी अपने साथ ले गये।

## थाना जोबनेर ने अभियान के दौरान 04 वांछित व 06 व्यक्तियों को 170 बीएनएसएस में किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**






श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान द्वारा दिनांक 25.08.2025 से 31.08.2025 तक एक विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाकर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या / हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने व संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। अभियान की सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जोबनेर श्रीमती प्रियंका वैष्णव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जोबनेर श्री सुहैल उप निरीक्षक, थानाधिकारी रेनवाल श्री देवेन्द्र चावला उप निरीक्षक मय जाप्ता के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु आज दिनांक 29.08. 2025 को पुलिस टीमों का गठन किया गया। थानाधिकारी जोबनेर मय जाप्ता द्वारा ईलाका थाना

क्षेत्र में अलग अलग जगह पर दबिश देकर कुल मुकदमों में वांछित दो मुल्जिम श्रवण भूरी व लोकेश उर्फ लक्की व दो गिरफ्तारी वारण्टी नाथू व सोनू को गिरफ्तार किया गया है तथा 02 हिस्ट्रीशीटर गजेन्द्र कुमार व बाबूलाल ताखर तथा अन्य 04 व्यक्तियों रामनारायण, श्रवणलाल, नरेन्द्र व सुरेश कुमार को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया है।

## खेतों से बोरिगों की केबिल चोरी की वारदात का का खुलासा कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**देश का दरों न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा बूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस थाना गोविन्दगढ पर दिनांक 29.07.2025 को परिवादी श्री बिहारीलाल पारीक पुत्र अर्जुन लाल निवासी मलिकपुर थाना गोविन्दगढ जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की मैने व छाजूराम जाट पुत्र भग्गूराम निवासी ढोढसर हाल निवासी मलिकपुर व मोहनलाल कनिनवाल पुत्र हनुमान सहाय यादव निवासी मलिकपुर थाना गोविन्दगढ ने पांच बोरिंग क्रमशः खेती के लिए ठेके पर ले रखे है जिनकी बोरिंग की केबिल चोरी हो गई है और हमें चोरी का संदेह हमें (1) नवल पुत्र पोखरमल जाति बावरिया हाल निवासी उगरियावास (2) राज पुत्र श्रवण बावरिया निवासी उगरियावास (3) मोदी व (4) गोपाल पर है। आदि रिपोर्ट पर मुकदमा नंबर 269/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में चोरी की वारदात करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ श्री राजेश जांगिड़ के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी गोविन्दगढ श्री विनोद सांखला पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दिनांक 28.08.2025 को कस्बा मलिकपुर में गश्त के दौराने सरकारी बोरिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जो पुलिस गाडी को देखकर भागने लगा जिस पर संदेह होने पर उक्त व्यक्ति को डिटेन कर नाम पता पूछा तो अपना नाम नारुराम उर्फ सुरेश पुत्र जगदीश बावरिया निवासी घिनोई थाना कालाडेरा जिला जयपुर का होना बताया जिसको भागने का कारण पूछा तो बताया की मैं सरकारी बोरिंग की केबिल चोरी करने की फिराक में था तथा उक्त प्रकरण में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी नारूराम उर्फ सुरेश को गिरफ्तार कर कब्जे से बोरिंगों से चोरी की गई केबिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से प्रकरण में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

## शासन सचिवालय में हुई उच्च–स्तरीय कन्वर्जेन्स बैठक

**जयपुर, 29 अगस्त।** राजस्थान की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन तक पहुंचाने के लिए अब राज्य के सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके लिए शुक्रवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा शासन सचिवालय में राजीविका की राज्य मिशन निदेशक, श्रीमती नेहा गिरी की अध्यक्षता में एक उच्च–स्तरीय 'कन्वर्जेन्स बैठक' का आयोजन किया गया।

राज्य मिशन निदेशक, श्रीमती नेहा गिरी ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि राजस्थान की ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया जा सके।


राजीविका परियोजना निदेशक श्रीमती प्रीति सिंह ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की संरचना और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राज्य परियोजना प्रबंधक श्रीमती नीरू तुलसीराम मीना ने राजीविका के अंतर्गत संचालित सामाजिक समावेश एवं सामाजिक विकास की गतिविधियों, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता, जेंडर, समावेशी आजीविका योजना, वीपीआरपी एवं दिव्यांगजन समूह आदि की जानकारी दी, जो महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# केंद्रीय वन मंत्री ने किया भर्तृहरि बाबा के मेल का शुभारम्भ

**जयपुर, 29 अगस्त।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने आज भर्तृहरि बाबा के मंदिर में पूजा–अर्चना देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने भर्तृहरि मेले का ध्वजा लहराकर शुभारम्भ किया। भर्तृहरि बाबा मेले के शुभारम्भ के दौरान स्थानीय विधायक एवं प्रतिपक्ष के नेता श्री टीकाराम जूली भी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने भर्तृहरि मेले का शुभारम्भ कर संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भर्तृहरि महाराज सीमाओं से परे जन–जन की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि भर्तृहरि बाबा द्वारा रचित पुस्तकें जीवन के सभी आयामों का संदेश देती है, जिसमें श्रंगार शतक व्यक्ति को सामाजिक जीवन को जीने, नीति शतक राजनीति को सुव्यवस्थित संचालित करने एवं ईश्वर प्राप्ति हेतु वैराग्य शतक लिखा जो मनुष्य को सार्थक जीवन जीने का संदेश देते हैं। वहीं चौथी पुस्तक ज्ञान शतक ने दुनिया को आध्यात्मिक का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरिस्का में सरिस्का गेट कालीघाटी सडक के लिए 9 करोड रुपए



स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अरावली की पहाडियों के पास लगते हुए शिव मंदिर श्रृंखला के विकास के लिए 100 करोड रुपए की बजट घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि बाबा भर्तृहरि क्षेत्र का विकास नियम–कायदों की पालना करते हुए कराया जाएगा।

वन मंत्री श्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में भर्तृहरि धाम क्षेत्र को पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन की तर्ज पर विकसित कर भक्तों की सुविधाओं में विस्तार करने की घोषणा की है जिसके पूर्ण करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। भर्तृहरि धाम क्षेत्र की भूमि रूपांतरण का कार्य तेजी से प्रगतिरत है जो यथाशीघ्र पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि थानागाजी थैन्क्यू बोर्ड से कुशालगढ तक की सडक के पुनर्निमाण के लिए 20 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नीलकंठ महादेव जाने वाली टहला से गढराजोरगढ सडक की भी स्वीकृति जारी हो गई है।

मेला कमेटी ने अतिथियों को भर्तृहरि महाराज द्वारा रचित श्रंगार शतक, नीति शतक व वैराग्य शतक भेंट किए।

# दोनों आरोपीगणों की दस्तयाबी से विभिन्न न्यायालयो द्वारा उनके नाम जारी 06 स्थाई वारण्टों का भी किया गया निस्तारण

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण श्री राजर्षि राज IPS ने बताया कि दिनांक 08-07-2020 को एयू स्मॉल फाईनेन्स के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री महिपाल सिंह ने दर्ज करवाया था कि आरोपीगण ने अपने स्वामित्व की सम्पत्ति प्लॉट नं. 31, 32, 33, 34 व 35 लक्ष्मी कॉलोनी, बोहरा जी का बाग, स्कीम नं. 10 जयपुर को उनके बैंक में बंधक रख कर 1 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त कर कुछ किश्तों का भुगतान किया मगर बाद में किश्तों का भुगतान करना बंद कर दिया एवं बैंक द्वारा ऋण खाते एनपीए कर सरफेसी अधिनियम के तहत बन्धक सम्पत्ति का कब्जा लेना चाहा तो पता चला की आरोपीगण ने उक्त प्रोपर्टी को हिन्दूजा लीलैण्ड फाईनेन्स लिमिटेड कम्पनी में भी मोर्टगेज रख कर ऋण उठा रखा है। आदि पर अभियोग संख्या 105/2020 पंजीबद्ध कर आरोपीगण की तलाश पतारसी हेतु समय समय पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया

जाकर आरोपीगण की दस्तयाबी के प्रयास किये गये मगर आरोपीगण अपने जयपुर स्थित मकान व प्रोपर्टियों को बेच कर जयपुर से अन्यत्र स्थानों पर छुप कर रहने लगे जिस कारण लंबे समय तक उनकी दस्तयाबी नहीं हो पाई। प्रकरण काफी पुराना होने के कारण आरोपीगण की दस्तयाबी के विशेष प्रयासों के तहत श्री ललित किशोर शर्मा फढ.र. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण के नेतृत्व में श्री बालाराम फढ.र. सहायक पुलिस आयुक्त अशोक नगर जयपुर दक्षिण के निकट सुपरविजन में श्री बनवारीलाल पु.नि. थानाधिकारी विधायकपुरी के नेतृत्व में श्रीमती रविना हदावत उपनिरीक्षक, श्री झाबरमल हैड कानि 1867, श्री अनुज कुमार कानि. 12831. मुकेश कुमार कानि. 9938, श्री विक्रम सिंह कानि. 4911, श्री हंसराज कानि 6086 एवं श्री लोकेश कुमार हैड कानि. 634




तकनीकी शाखा जयपुर दक्षिण की विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के सदस्य श्री लोकेश कुमार हैड कानि. 634 तकनीकी शाखा जयपुर दक्षिण द्वारा लंबे समय से आरोपीगण के संबंध में आसूचनाएं इकट्ठी की जा रही थी तथा उनके निकट परिजनों के मोबाईल नंबर प्राप्त किये जाकर तकनीकी आधार पर आरोपीगण श्रीमती आशा गुप्ता एवं आदित्य खण्डेलवाल को आईडेंटिफाई किया तथा करीब 15 दिन तक दोनों वांछितों की लोकेशन को लगातार वॉच किया एवं अन्त में गुरुग्राम में उनकी स्थाई लोकेशन की पुष्टी की, जिसके आधार पर श्रीमती रविना हदावत उपनिरीक्षक थाना विधायकपुरी के नेतृत्व में श्री झाबरमल हैड कानि. 1867, श्री अनुज कुमार कानि. 12831 एवं श्री विक्रम सिंह कानि. 4911 की विशेष पुलिस टीम को गुरुग्राम रवाना कर उक्त दोनों वांछित आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।आरोपिया श्रीमती आशा गुप्ता के विरुद्ध पुलिस थाना कोतवाली, आदर्श नगर, महेश नगर एवं विधायकपुरी के विभिन्न 06 प्रकरणों में वांछित है जिसके न्यायालय द्वारा अभी तक ज्ञात 06 स्टैण्डिग वारण्ट जारी किये हुए हैं।

आरोपिया की दस्तयाबी के फलस्वरुप उक्त सभी वारण्टों का निस्तारण करने में सफलता हासिल हुई है।

# केंद्रीय खेल मंत्री ने किया अलवर सांसद खेल उत्सव के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ

**जयपुर, 29 अगस्त।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामले तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अलवर जिले के प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर अलवर सांसद खेल उत्सव 2025-26 के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

केंद्रीय खेल मंत्री श्री मांडविया ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विरासत से प्रेरणा लेकर विकसित भारत कल्पना रखी गई है, जिसमें खेलो इंडिया फिट इंडिया के माध्यम से गांव-ढाणी तक की खेल प्रतिभाओं को भी सर्व सुविधाएं प्रदान करने के लिए खेलों का ईको सिस्टम तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेलो भारत नीति लाई गई है, जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को भी खेलों में समान अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को खेलों के क्षेत्र में अगले दस साल में दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल करने का लक्ष्य रखा है तथा आजादी की शताब्दी वर्ष तक टॉप 5 देशों में शामिल करने का लक्ष्य दिया है।



केंद्रीय खेल मंत्री ने अलवर सांसद खेल उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा शुरू किए गए खेलों के इस महोत्सव की गूंज नई दिल्ली तक गई है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स अर्थोरिटी (साई) की टीम के द्वारा अलवर सांसद खेल उत्सव के आयोजन के दौरान उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को सर्च किया जाएगा। साथ ही चयनित खेल प्रतिभा के प्रशिक्षण सहित अन्य सभी व्यय साई द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के दौरान साई के कोचों के साथ ऑलम्पिक में प्रतिभागी रहे एथलिट्स को भी यहां भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर में हॉकी का एक्सीलेंसी सेंटर अलवर सांसद श्री भूपेन्द्र यादव के आग्रह पर यथावत रखा गया है, अब इसे और आधुनिक बनाने के लिए 10 करोड रुपए की लागत की हॉकी एस्ट्रोट्रफ भी अलवर में बनाई जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेकर अलवर में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए अलवर सांसद खेल उत्सव को प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार खेलों की मजबूती के लिए खेलों के इको सिस्टम को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि युवा खेल नीति नई शिक्षा नीति के साथ जुड़कर देशभर में खेल भावना को विकसित करेगी। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव को युवा खेल नीति को आगे बढ़ाने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए खेल को व्यवसाय के रूप में अपनाने का प्लेटफॉर्म बनेगा।

इस अवसर पर वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव एवं खेल प्रशिक्षण के माध्यम से जिले की ग्रामीण एवं शहरी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित कर उनके खेलों को निखारने का मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री यादव के नेतृत्व में अलवर शहर में खिलाडियों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए 7 करोड की लागत से एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक बनवाया जाएगा, जिसके लिए यूआईटी ने टैंडर जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी के खिलाडियों की पीडा को समझते हुए केंद्रीय वन मंत्री ने केंद्रीय खेल मंत्री श्री मांडविया ने बात कर हॉकी के सेंटर को अलवर में ही यथावत रखवाया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री से अलवर में हॉकी एस्ट्रोट्रफ की मांग रखी।

**खिलाड़ियों व कोचों को किया सम्मानित –**

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जिले के विख्यात एथलेटिक्स खिलाडी श्री संदीप सिंह नरूका, श्री सुनील साहू, श्री मोइन खान, श्री यासीन खान, मिस याशा सिंह, श्री प्रद्युम्न यादव, कैप्टन उमराव लाल सैनी, श्री रतिराम सैनी, श्री धारा यादव, श्री विश्राम मीणा, श्री शलभ प्रताप सिंह चौहान, श्री गजेंद्र सैनी, श्री शुभम पटेल, श्री डेनिस श्रीवास्तव, श्री गिरीश सिंह, श्री बृजेश यादव, श्री अजय कुमार, श्री जीवन सिंह, श्री प्रदीप यादव, श्री नितिन पंवार, श्रीमती अंजना शर्मा एवं श्री अजहरुद्दीन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री एवं केंद्रीय वन मंत्री ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



**जयपुर, 29 अगस्त।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया तथा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर जिले के एमआईए स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री मांडविया ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिये कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से संबद्ध करावे ताकि अधिक से अधिक मरीजों को उपचार की सुविधाएं मिल सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के आसपास राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेज व 100 बैड से अधिक के चिकित्सालयों से एमओयू करें, जिससे उन हॉस्पिटलों के मरीजों को भी यहां की सुपर स्पेशिलिटी सेवाओं का लाभ मिल सके।

## पशुपालन मंत्री ने पाली जिले में की जनसुनवाई



**जयपुर, 29 अगस्त।** पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने अपने पाली जिला स्थित निवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता से मुलाकात की। इस मौके पर आमजन ने सुमेरपुर समेत राजस्थान के विकास कार्यों पर अपने सुझाव रखे और कैबिनेट मंत्री ने विकास से जुड़े हर मुद्दे को गंभीरता से सुना।

जनसुनवाई में चर्चा खेल सुविधाओं, सड़कों की स्थिति, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर हुई। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में नई सड़कों सड़कों के निर्माण और मरम्मत से उन्हें आने जाने में समस्या नहीं हो रही।

पशुपालन मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में पशु चिकित्सा, सड़कों के निर्माण, आधुनिक सुविधाओं वाले खेल मैदान और स्टेडियम जैसी व्यवस्थाओं पर भी तेज गति से काम किया जा रहा है। ताकि युवाओं की प्रतिभा को नया मंच मिल सके। इस दौरान मंत्री ने समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जयपुर, 29 अगस्त।** सिरोही जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अरविंद पैवेलियन में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में वभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी ने खिलाडियों को खूब मेहनत करने और खेल भावना के साथ खेलते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने खेल को सर्वांगीण विकास का आवश्यक हिस्सा बताया।

जिला प्रमुख श्री अर्जुनराम पुरोहित ने सभी खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव- 2025 के रजिस्ट्रेशन के पोस्टर का अतिथियों ने विमोचन किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने तीरंदाजी के खेल में तीर चलाकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन भी किया।

इस दौरान महिलाओं की रस्साकसी, फुटबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें खिलाडियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इससे पूर्व अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर सभी को उनसे सीख लेने की प्रेरणा दी।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सिरोही में राजस्थान मदरसा बोर्ड से पंजीकृत एवं आधुनिक विद्यालय पाठ्यक्रमोनुरूप संचालित मदरसा मण्डार, रेवदर, शिवगंज, ईसरा, स्वरूपगंज, सिरोही रोड एवं राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास में मेजर ध्यानचंद की जीवनी, उपलब्धियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया एवं व्यक्तित्व निर्माण, स्वस्थ दिनचर्या एवं राष्ट्र निर्माण में खेलों की भूमिका पर चर्चा की गयी।

## रोजगार सहायता शिविर में हजारों अभ्यर्थियों को मिली 'उज्ज्वल भविष्य की राह'



**जयपुर, 29 अगस्त।** उप-क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, जयपुर एवं राजकीय महाविद्यालय, बगरू के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय, बगरू परिसर में किया गया। शिविर का शुभारंभ बगरू विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने किया।

उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर की उपनिदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया भारी बारिश के बावजूद शिविर में कुल 4 हजार 207 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैंकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा, कॉल सेंटर, बीमा आदि क्षेत्रों से जुड़े 60 निजी नियोजक अपनी 3 हजार 500 रिक्तियों के साथ उपस्थित हुए। मौके पर ही 1 हजार 105 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया तथा 343 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन कर कुल 1 हजार 448 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वरोजगार एवं कैरियर मार्गदर्शन संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।

## पानीपत में सहायक योजना अधिकारी 1.75 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पानीपत/एजेंसी।** हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल ने आज पानीपत में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के सहायक योजना अधिकारी ईश्वर शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में चालान पेश किया है। यह कार्रवाई एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर की गई, जिसने आरोप लगाया था कि आरोपी ईश्वर शर्मा ने उसके ठेके का बकाया भुगतान करने के एवज में 1,90,000 की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी पहले ही 15,000 ले चुका था और अब बकाया 1,75,000 की मांग कर रहा था।शिकायत के आधार पर, सतर्कता ब्यूरो ने आरोपी ईश्वर शर्मा को शिकायतकर्ता से ?1,75,000 की नकद रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ 1 जुलाई, 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था। आज इस मामले का चालान माननीय न्यायालय, पानीपत में पेश किया गया है।

## हिमाचल में आपदा, सीएम सुक्खू बिहार की रैली में व्यस्त: भाजपा ने उठाए सवाल

**हिमाचल प्रदेश/एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की जनता इन दिनों प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रही है। इस बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बिहार दौरे पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री सुक्खू बिहार में जारी राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी ने इसे 'शर्मनाक' बताते हुए कांग्रेस और सुखविंदर सिंह सुक्खू को घेरा है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की यात्रा में नजर आ रहे थे। अमित मालवीय ने पोस्ट में लिखा, "जब हिमाचल प्रदेश भीषण बाढ़ और क्लाउडबर्स्ट की त्रासदी झेल रहा है, जहां लोगों की जिंदगियां और

## हरियाली का नया कीर्तिमान, एक साथ लगाए गए 60 हजार पौधे

### हमनें पेपरलीक पर की कड़ी कार्रवाई, नहीं बख्शेंगे दोषियों को - मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर, 29 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साल हरियाली तीज के अवसर पर 'हरियालो राजस्थान' अभियान शुरू किया। जिसके अन्तर्गत हमनें पिछले वर्ष 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा और साढ़े 7 करोड़ पौधे लगाकर लक्ष्य को पूरा किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार ने 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा और अब तक 11 करोड़ से अधिक पौधे लगाए हैं। इस तरह हम अब तक साढ़े 18 करोड़ पौधे लगा चुके हैं। राज्य सरकार 5 वर्ष में 50 करोड़ पेड़ लगाएगी और प्रदेश को हरा भरा बनाएगी।

श्री शर्मा शुक्रवार को टोंक के टोडारायसिंह में 'एक पेड़ मां के नाम' एवं 'हरियालो राजस्थान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में प्रकृति का विशेष स्थान है। हमारी परंपरा में पेड़, पहाड़ और जल स्रोतों की पूजा की जाती है। इस धरती पर भोलेनाथ का मंदिर, बीसलपुर बांध और हरियाली से युक्त पहाड़ियों का संगम इस भावना को साकार कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अनूठी पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ने हरियालो राजस्थान की शुरूआत की है। यह संकल्प धरती माँ के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हमनें अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और इसे हरा-भरा बनाने के लिए 250 करोड़ रुपये की हरित अरावली विकास परियोजना बनाई है। परियोजना के तहत इस मानसून में 19 अरावली जिलों के 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण करवा रहे हैं।

**ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध में आएगा पानी-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के किसानों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करवाने की दिशा में कई फैसले किए हैं। हमनें पूर्वी राजस्थान के किसानों के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौते को आगे बढ़ाया है। वहीं, पश्चिमी एवं दक्षिणी राजस्थान के लिए माही बांध को जवाई बांध से जोड़ने और अन्य जिलों के लिए ब्राह्मणी नदी को बीसलपुर बांध से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसी तरह, हमारी सरकार 2027 तक प्रदेशभर के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है और अब तक 22 जिलों के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। किसान अब अन्नदाता के साथ-साथ ऊजार्दाता बनने की ओर अग्रसर है। इसी तरह, पशुपालकों के लिए हमारी सरकार गोपाल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवा रही है।

**पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ किया धोखा-**

श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में पेपरलीक जैसी घटनाओं से किसानों और उनके युवा बेटों के सपनों पर कुठाराघात हुआ। वहीं, हमारी सरकार ने पेपरलीक के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसआईटी गठित की और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा। हमारी सरकार एक भी दोषी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध रूप से भर्ती परीक्षाएं आयोजित हुई और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरी के लक्ष्य की दिशा में हजारों युवाओं को समय पर नियुक्ति प्रदान करने के साथ ही भर्ती परीक्षाओं के लिए पूरे साल का कलैण्डर भी जारी किया है।

**जन सेवा की नीयत से किए गए काम धरातल पर दिख रहे -**

श्री शर्मा ने कहा कि जन सेवा की नीयत से किए गए काम धरातल पर दिख रहे हैं। हमारी सरकार ने पिछले डेढ़ साल में प्रदेश की सूरत बदलने का काम किया है और पूर्ववर्ती सरकार के 5 साल में किए गए कार्यों से ज्यादा काम किए हैं। उन्होंने कहा कि हमनें टोंक जिले के विकास के लिए दोनों वर्ष के बजट में प्रावधान किए है। 650 करोड़ रुपये से नसीराबाद से देवली तक सड़क को 4 लेन करवाने की डीपीआर के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। इसके साथ ही 147 करोड़ रुपये से बनास नदी पर पुलिया निर्माण हेतु डीपीआर एवं 103 करोड़ रुपये से बीसलपुर परियोजना की दायीं व बायीं मुख्य नहर व विभिन्न माइनर प्रणालियों की मरम्मत व जीर्णोद्धार का काम शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह, पेयजल के लिए हमनें 92 करोड़ 15 लाख रुपये से निवाई, डिग्गी व लांबा हरिसिंह की पेयजल योजनाओं का काम शुरू कर दिया है और 275 करोड़ रुपये से टोंक में सतत जलापूर्ति गुणात्मक संवर्धन कार्य करवाएंगे।

# नई दिल्ली में नरेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य सचिव ने की शिरकत

### राज्य में अफॉर्डेबल हाउसिंग उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध— मुख्य सचिव



**जयपुर, 29 अगस्त ।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सभी को अफॉर्डेबल हाउसिंग उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। साथ ही केंद्र सरकार की नीतियों को भी राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

श्री सुधांश पंत शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शहरी विकास और आवास विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री देबाषीष पृष्टी, स्वायत शासन सचिव श्री रवि जैन और रेरा की चेयरपर्सन श्रीमती वीनू गुप्ता भी उपस्थित थी।

सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री पंत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के अर्बन सेक्टर और इंफ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। देश में सड़कों का विकास हो अथवा सभी को अफॉर्डेबल हाउसिंग उपलब्ध करवाने या हर घर तक स्वच्छ पीने योग्य जल पहुंचने का लक्ष्य हो, इन सभी क्षेत्रों में देश के साथ-साथ राजस्थान ने भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। राजस्थान में इस वर्ष नई टाउनशिप पॉलिसी और मॉडल बिल्डिंग बायलॉज लॉन्च किए गए हैं, जिससे नए प्रोजेक्ट्स को सुविधा और गति मिलेगी।

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम करें अधिकारी -



**जयपुर, 29 अगस्त।** जयपुर कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लागाने के लिए रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के साथ-साथ जयपुर में ट्रेफिक जाम को लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर मिडियन कट्स को बंद करने एवं फ्लाइओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने दुर्घटना के संभावित स्थानों पर व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अधिकारियों को सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जयपुर जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर भारत सरकार के नये नोटिफिकेशन के अनुसार स्पीड लिमिट के साइनेज बोर्ड लगाने, राजमार्गों के प्रोटोकॉल के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के निवारण करने एवं जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग सहित रिफलेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लघनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिन्दुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में ज्वलनशील पदार्थों को ले जाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग करने, रूट उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने, टोल नाके पर शराब या नशा कर के चलाने वाले वाहन चालकों को पकड़ने तथा बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टी लगाने सहित सड़क सुरक्षा के तमाम उपाय करने आदि पर भी चर्चा की गई।

# उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने सिद्धिविनायक मंदिर में किए दर्शन, देश की सुख-शांति की प्रार्थना



**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल और उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने मुंबई में श्री सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए हैं। इस दौरान, सीपी राधाकृष्णन ने देश की सुख-शांति और सफलता की प्रार्थना की। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को पहली बार सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। इस दौरान, मंदिर के न्यासियों ने राज्यपाल का अभिनंदन किया।

बाद में, सीपी राधाकृष्णन ने अपने परिवार के साथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, "देश में आध्यात्मिकता एक जीवन शैली है। राष्ट्र में आध्यात्मिकता को प्रोत्साहित किया जाता है। मुंबई और महाराष्ट्र में हम विनायक चतुर्थी को भव्य रूप से मनाते हैं। मैं सभी को विनायक चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भगवान श्री गणेश हम सभी को और हमारे राष्ट्र को निरंतर प्रगति का आशीर्वाद दें।" राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, "श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। 140 करोड़ भारतीयों की भलाई, शांति और समृद्धि के लिए भगवान गणेश से प्रार्थना की। भगवान गणेश सभी पर कृपा करें।"

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ

**जयपुर, 29 अगस्त।** मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अजमेर स्थित पटेल स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने सांसद खेल महोत्सव- 2025 का विधिवत शुभारम्भ किया।



कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके पश्चात सांसद श्री चौधरी ने कबड्डी मैच का शुभारम्भ किया।

उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और स्वास्थ्य का आधार है। इस महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को पहचान और मंच मिलेगा, साथ ही यह स्वस्थ एवं सशक्त समाज की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज की बदलती जीवनशैली में फिटनेस और स्वास्थ्य सबसे बड़ी चुनौती है और खेल इन चुनौतियों का समाधान प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि यह महोत्सव खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने वाला अभियान है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खेल प्रतिभाएं आगे चलकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करेंगी।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी करें और अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कर इस आयोजन को सफल बनाएं।

# चिया या फ्लेक्स सीड्स, वजन घटाने के लिए दोनों में से क्या है ज्यादा फायदेमंद?



**वजन कम करने के लिए कई तरह के हेल्दी फूड्स को डाइट में शामिल किया जाता है, जिसमें चिया और फ्लेक्स सीड्स भी शामिल है. लेकिन वजम कम करने के लिए इन दोनों सीड्स में से कौन सा सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है. आइए जानते हैं इसके बारे में एक्सपर्ट की राय**

आजकल के समय में ज्यादातर लोग अपनी सेहत को लेकर सजग होते जा रहे हैं. ऐसे में फिट रहने या फिर अपने वजन कम को कम करने के लिए कई प्रयास करते हैं. जिम ज्वाइन करने से लेकर तरह-तरह की डाइट फॉलो करना इसमें ये सब शामिल है. इसके साथ ही कुछ फूड्स को वेट लॉस के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है जैसे कि कई लोग वजन कम करने के लिए रोजाना सुबह उठकर गुनगुना नींबू पानी पीते हैं. इसके अलावा कई चीजें दूसरे भी वजन कम करने में मददगार होती है, जिसमें चिया और फ्लेक्स सीड्स का नाम भी शामिल है.चिया और फ्लेक्स सीड्स को रातभर पानी में भिगोकर अगले दिन उस पानी को पीना वजन कम करने और हमारी ओवर ऑल हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है. दोनों की पोषक तत्व अलग होते हैं. ऐसे में चिया और फ्लेक्स दोनों सीड्स में से वजन कम करने के लिए ज्यादा फायदेमंद है, आइए जानते हैं इसके बारे में एक्सपर्ट की रायचिया या फ्लेक्स सीड्स- ज्यादा फायदेमंद क्या है?

नोएडा के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में क्लीनिकल नुट्रिशन हेड डॉक्टर करुणा चतुर्वेदी ने बताया कि चिया और फ्लेक्स सीड्स दोनों ही सुपरफूड्स हैं जो कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. चिया सीड्स में अधिक ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर, जबकि फ्लेक्स सीड्स में ज्यादा अल्फा-लिनोलेनिक एसिड (एएलए) भरपूर मात्रा में पाया जाता है. दोनों के अपने अलग-अलग फायदे होते हैं.

अपने शरीर की जरूरत के मुताबिक ही इन्हें डाइट में शामिल करना चाहिए. दोनों ही सीड्स हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं, डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और वजन को मैनेज करने में मदद करते हैं. वहीं अगर नुकसान की बात करें तो ज्यादा मात्रा में दोनों का सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जिसमें गैस और सूजन शामिल है.रोजाना कितनी मात्रा में खाना है सही?

एक्सपर्ट ने बताया कि चिया या फ्लेक्स सीड्स को रोजाना 1 चम्मच (15-30 ग्राम) रोजाना खाना सही होगा. इन्हें पानी या दही में भिगोकर खाना सबसे अच्छा है, या आप इन्हें सलाद, स्मूदी, या बेक्ड गुड्स में मिला सकते हैं. रात में इसे भिगोकर अगले दिन सुबह इसका सेवन करना चाहिए. दोनों ही सीड्स का सेवन करने से पहले कुछ घंटे इसे भिगोकर रखना जरूरी होता है.

वेट लॉस के लिए कौन सा ज्यादा फायदेमंद है?

एक्सपर्ट का कहना है कि चिया सीड्स में ज्यादा फाइबर होता है, जो भूख को नियंत्रित करने और वजन कम करने में मदद करता है. वहीं फ्लेक्स सीड्स भी वजन को मैनेज करने में मदद करते हैं, लेकिन चिया सीड्स की तुलना में थोड़े कम फाइबर वाले होते हैं.दोनों ही वजन कम करने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन चिया सीड्स थोड़ा ज्यादा फाइबर पाया जाता है, जो इसे वेट लॉस के लिए ज्यादा फायदेमंद बनाता है.

# 'भारत-अमेरिका कृषि व्यापार : अवसर, जोखिम और संतुलन की चुनौती

**भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लगातार व्यापक होने की संभावनाओं के बीच कृषि क्षेत्र इस साझेदारी का सबसे संवेदनशील और विवादास्पद हिस्सा बना हुआ है**



हरित क्रांति के दौर में इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णय, कृषि मंत्री सी. सुब्रह्मण्यम का सतत कार्यकाल और स्वामीनाथन जैसे प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों की सूझबूझ भरी सलाह के आधार पर अमेरिका के साथ हुई वार्ताएं, आज के भारत-अमेरिका कृषि व्यापार गतिरोध को समझने और सुलझाने के लिए ऐतिहासिक संदर्भ के साथ आंशिक मार्गदर्शन प्रदान कर सकती हैं।भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लगातार व्यापक होने की संभावनाओं के बीच कृषि क्षेत्र इस साझेदारी का सबसे संवेदनशील और विवादास्पद हिस्सा बना हुआ है। अमेरिका लंबे समय से भारतीय कृषि बाजार में प्रवेश का दबाव बना रहा है, लेकिन भारत ने राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कारणों से अब तक इसे बड़े पैमाने पर विदेशी आयात से सुरक्षित रखा है। छोटे और सीमांत किसान, पारंपरिक पारिवारिक खेती के साथ, भारतीय कृषि की रीढ़ हैं। भारत के कृषि क्षेत्र का महत्व केवल आर्थिक नहीं हैं, बल्कि यह 70 करोड़ से अधिक भारतीय नागरिकों के लिए आजीविका की वास्तविकताओं, अनिश्चितताओं के दौर में एक सहारा होने के साथ-साथ घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं से भी जुड़ा हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारस्तंभ कृषि हिस्सेदारी (2022-23) में सकल मूल्य वर्धन का 18.4 फीसदी है। यही कारण है कि राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील इस क्षेत्र में समझौते की बहुत कम गुंजाइश रहती है।वर्ष 2024 में भारत ने अमेरिका से 1.6 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद बादाम, पिस्ता, एथेनॉल, मक्का , कुछ प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, अन्य पशु आहार सामग्री आदि आयात किए। इसी कालावधि में भारत ने अमेरिका को 45.7 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पाद जैसे चाय, कॉफी और मसाले, बासमती चावल, प्रसंस्कृत फल-सब्जियां, ऑर्गेनिक तथा समुद्री खाद्य उत्पाद, तिलहन और दलहन निर्यात किये । कृषि क्षेत्र में भारत का व्यापार संतुलन अधिशेष में है।डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत सहित अनेक विकासशील देशों के प्रति अमेरिका का दृष्टिकोण बदला है और वह तरह-तरह के आर्थिक दबाव इन देशों पर डाल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि भारत के कृषि आयात पर औसत शुल्क 39फीसदी है, जबकि अमेरिका में यह औसतन 5 फीसदी है। अमेरिका का तर्क है कि इन ऊंचे शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं (जैसे स्वच्छता व पौध-स्वास्थ्य मानक) से अमेरिकी उत्पादों को अनुचित रूप से रोका जाता है।भारत ने आरंभ से ही अमेरिकी प्रशासन के साथ कूटनीतिक स्तर पर संवाद को प्राथमिकता दी और उसके आरोपों का संयमित व संतुलित उत्तर दिया। किंतु जब कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर वार्ता का गतिरोध समाप्त नहीं हो सका, तब घरेलू राजनीतिक परिस्थितियों और नीतिगत सिद्धांतों के मद्देनज़र भारत ने स्पष्ट कर दिया कि अपने कृषि क्षेत्र की सुरक्षा एक ऐसा राष्ट्रीय संकल्प है, जिस पर कोई समझौता संभव नहीं।

भारत का मानना है कि कृषि क्षेत्र खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण रोजगार के लिए अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए इसे विदेशी आयात से सुरक्षा मिलनी चाहिए। अमेरिका जैसे देशों की कृषि भारी सब्सिडी पर आधारित है–जिससे उनका उत्पादन लागत कृत्रिम रूप से कम होता है और वे सस्ते में निर्यात कर सकते हैं। भारत के विश्व व्यापार संगठन दायित्व उसे संवेदनशील क्षेत्रों में संरक्षण की अनुमति देते हैं, भारत अचानक आयात बढ़ने या कीमत गिरने पर शुल्क बढ़ा सकता है और भारत मौजूदा शुल्क इन्हीं सीमाओं के भीतर रखता है।इस समझौते के हो जाने के अनेक संभावित नुकसान हैं। भारत सरकार के नीति निर्माताओं का सोचना है कि अमेरिका के दबाव के चलते भारत सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य , अनुदान और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे नीतिगत मामलों में कठोर व अलोकप्रिय फैसले लेने पड़ सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों व किसान नेताओं का मानना है कि सस्ते अमेरिकी आयात घरेलू बाजार में दाम गिरा सकते हैं। किसानों की आय में कमी के कारण छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित होंगे। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबदबा बढ़ने से स्थानीय व्यापारी और किसान बाजार से बाहर हो सकते हैं। इन प्रत्यक्ष प्रभावों के अलावा गैर-शुल्क बाधाएं और उनके व्यापक प्रतिकूल असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। यह भावना सभी राजनीतिक दलों में समान रूप से गहराई से व्याप्त है, जिसके कारण किसी भी सरकार के लिए अपने रुख में बड़ा बदलाव करना राजनीतिक रूप से अत्यंत जोखिमपूर्ण और महंगा साबित हो सकता है।

ऐसा नहीं है कि भारत-अमेरिका कृषि व्यापार होने पर केवल नुकसान ही है। यदि दोनों देशों में समझौता हो जाता है तो इसके अनेक संभावित फायदे भी हैं। इसके फलस्वरूप निर्यात अवसरों में वृद्धि होगी, अमेरिका में भारतीय चाय, मसाले, समुद्री उत्पाद और ऑर्गेनिक फूड की मांग बढ़ सकती है। तकनीकी सहयोग बढ़ेगा और आधुनिक मशीनरी, सिंचाई तकनीक, ड्रोन और सटीक कृषि पद्धतियों तक भारत की पहुंच मजबूत होगी। कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अमेरिकी निवेश से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन होगा। भारतीय नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण व पोषक तत्वों से भरपूर कृषि उत्पाद उपलब्ध होंगे, उच्च मूल्य वाली एवं निर्यातोन्मुख फसलों की खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, और अमेरिकी मानकों के अनुरूप उत्पादन से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को निर्णायक बढ़त हासिल होने की प्रबल संभावना बनेगी।

हरित क्रांति के दौर में इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णय, कृषि मंत्री सी. सुब्रह्मण्यम का सतत कार्यकाल और स्वामीनाथन जैसे प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों की सूझबूझ भरी सलाह के आधार पर अमेरिका के साथ हुई वार्ताएं, आज के भारत-अमेरिका कृषि व्यापार गतिरोध को समझने और सुलझाने के लिए ऐतिहासिक संदर्भ के साथ आंशिक मार्गदर्शन प्रदान कर सकती हैं। तब सरकार ने अमेरिकी शर्तें स्वीकार तो कीं, किंतु अंतिम लक्ष्य कृषि आत्मनिर्भरता को ही बनाया। इसी संकल्प का परिणाम था हरित क्रांति, जिसने गेहूं और चावल की उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि की और देश को खाद्यान्न संकट से उबार दिया। मोदी सरकार चाहे तो वाजपेयी सरकार की पूंजी निवेश सह अनुदान आधारित ग्रामीण भंडार योजना , मनमोहन सरकार की कृषि ऋण विस्तार व ऋण माफी नीतियों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कृषि निवेश ऋण में योगदान जैसे उपायों से प्रेरणा लेकर कृषि सुधार कर सकती है।

भारत और अमेरिका के कृषि समझौते में आर्थिक अवसर और तकनीकी सहयोग हैं, पर बड़े जोखिम भी जुड़े हैं। भारत को किसानों की आय और खाद्य सुरक्षा का संरक्षण करते हुए अमेरिकी सब्सिडी वाले उत्पादों के मुकाबले घरेलू किसानों को सुरक्षा देनी होगी। विदेश व्यापार बढ़े, साथ ही घरेलू कीमतें स्थिर रहें। भारत सरकार को इस संतुलन को सावधानी से बनाए रखने की कोशिश करना चाहिए, क्योंकि दीर्घकालिक रूप में विवेकपूर्ण नीति ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा और ग्रामीण स्थिरता दोनों सुनिश्चित कर सकती है।

## संपादकीय

# आपदा में अवसर

रूसी कच्चा तेल खरीदने पर सबक सिखाने के मकसद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए पचास फीसदी टैरिफ कल से लागू हो गए। निस्संदेह, यह भारतीय आर्थिकी की सहनशक्ति हेतु अग्निपरीक्षा है। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा का अधिकार है। हमने दबाव में आए बिना चुनौती का मुकाबला किया है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया का उद्घोष किया है। सरकार ने फ्री ट्रेड के नाम पर भारतीय बाजार में खाद्यान्न व दुग्ध उत्पाद खपाने के अमेरिकी मंसूबों पर पानी फेरा है। भारत ने स्पष्ट किया है कि भारत किसानों, दुग्ध उत्पादकों और लघु उद्योगों के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद आशंका है कि नये टैरिफ लगाने का कपड़ा, चमड़ा व रत्न-आभूषण जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते लाखों भारतीयों के रोजगार पर खतरा मंडरा सकता है। निस्संदेह, पचास फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय उत्पादों की लागत में काफी वृद्धि हो जाएगी, जिसके चलते वहां उपभोक्ता अन्य देशों के सस्ते उत्पाद तलाश सकते हैं। दरअसल, इन टैरिफों से भारत की दोहरी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका न केवल भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है, बल्कि ऐसा साझेदार था, जिसके कारोबार का करीब 45 अरब डॉलर का अधिशेष भारत के पक्ष में था। वहीं दूसरे बड़े व्यापार साझेदार रूस व चीन के साथ हम व्यापार घाटे की स्थिति में हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से सस्ता तेल आयात कर भारत द्वारा अर्जित मौद्रिक लाभ को अमेरिका निशाने पर ले रहा है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारत सरकार की तात्कालिक प्राथमिकताएं कपड़ा, चमड़ा और रत्न-आभूषण के लिये निर्यात खपाने वाले वैकल्पिक बाजारों की तलाश करना होना चाहिए। इसके अलावा प्रभावित व्यावसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करके लाखों नौकरियों को बचाने की जरूरत है। साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने का प्रयास हो।

दरअसल, भारतीय चिंता यह है कि नये टैरिफ से अमेरिका के साथ होने वाला 66 फीसदी निर्यात प्रभावित होने जा रहा है। ऐसी स्थिति में जब अमेरिका को होने वाले बीस फीसदी भारतीय निर्यात पर टैरिफ प्रभाव दिख रहा है,तो इसका असर भारतीय अर्थव्यस्था पर होना लाजिमी है। निर्यात में कमी आने से देश में बेरोजगारी बढ़ सकती है। चिंता की बात यह है कि टैरिफ से अधिक प्रभावित होने क्षेत्र सघन श्रम वाले हैं, जिससे लाखों रोजगारों पर असुरक्षा की तलवार लटक सकती है। स्थिति साफ है कि भारतीय उद्योग इस टैरिफ के बोझ को सहन करने की क्षमता नहीं रखते। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका के टैरिफ युद्ध से यूरोप समेत दूसरे देश भी खासे प्रभावित हैं। उत्पादों का अतिरेक पैदा होने से कीमतों में गिरावट आ सकती है और अन्य देश भी टैरिफ लगाने को बाध्य हो सकते हैं। वहीं चीन आदि सस्ते उत्पाद बेचने वाले देशों से हमारी स्पर्धा बढ़ सकती है। वहीं टैरिफ वॉर तथा रूस-यूक्रेन युद्ध व मध्यपूर्व में जारी संघर्ष से वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत में नये निवेश की संभावनाएं भी कम होंगी। जो भारतीय आर्थिकी की मुश्किल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री सुधार, प्रदर्शन और बदलाव बढ़ाने का आह्वान कर रहे हैं, लेकिन भारत में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की जरूरत है। हालांकि,मोदी सरकार ने जीएसटी सुधारों की बात की है, लेकिन इससे आगे बढ़कर बड़े व तत्काल सुधारों की जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को आर्थिक सुधारों से ही गति मिल सकती है। जो उद्योग टैरिफ से प्रभावित हो रहे हैं उन्हें तुरंत आर्थिक मदद की जरूरत है। खास कर एमएसएमई क्षेत्र को न्यूनतम दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। निर्यातकों को तुरंत मिलने वाली आर्थिक सहायता व करों में छूट मददगार हो सकती है। हम चीन की तरह सस्ते उत्पाद बनाकर टैरिफ युद्ध को निष्प्रभावी बना सकते हैं। आर्थिक सुधारों से हम निर्यात की कीमतों व गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं।

# भारत की नींव में दरारें, मोदी जिम्मेदार

**कोरोना के बाद से पूरी दुनिया में कारोबार प्रभावित हुआ। पिछले पांच सालों में जो संभलने की कोशिश व्यापारियों ने की थी**

कोरोना के बाद से पूरी दुनिया में कारोबार प्रभावित हुआ। पिछले पांच सालों में जो संभलने की कोशिश व्यापारियों ने की थी, अब ट्रंप के टैरिफ से उसे और झटका लगेगा। इस झटके से उबरने में अगर सरकार ने कोई मदद नहीं की, तो फिर इसका बोझ भी जनता पर ही आएगा। यानी दोनों सूरतों में जनता को नुकसान होना तय है।बुधवार को देश में दो बड़ी घटनाएं हुईं, जिनका दूरगामी असर पड़ेगा। इसे यूं भी कह सकते हैं कि 75 सालों में तिनका-तिनका जोड़कर जिस भारत को बनाया गया था, उसकी नींव में ही दरार डालने की कोशिश हुई है। अगर ये कोशिश कामयाब होती है, तो फिर आने वाली पीढ़ियां शायद फिर उसी दर्द, तकलीफ और संघर्ष से गुज़रें जिनकी साक्षी गुलामी के दौर की पीढ़ियां रही हैं। दोनों घटनाएं अमेरिका से ही जुड़ी हैं। 27 अगस्त से अमेरिका द्वारा बढ़ाई गई टैरिफ दरें लागू हो चुकी हैं, जिसके बाद से छोटे और मध्यम व्यापारियों में नुकसान का डर बढ़ गया है। दूसरी घटना युद्धविराम से जुड़ी है, डोनाल्ड ट्रंप ने 42वीं बार दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम उन्होंने करवाया है। इस बार ट्रंप ने बाकायदा नरेन्द्र मोदी का नाम लेकर इस बात को दोहराया है। साथ ही यह भी बता दिया है कि उन्होंने तो 24 घंटे का वक्त दिया था, लेकिन नरेन्द्र मोदी 5 घंटों में ही मान गए। ट्रंप ने जिस अंदाज में अपनी केबिनेट में इस बात को कहा, उस पर वहां मौजूद लोग हँसने लगे। अर्थात भारत का प्रधानमंत्री अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजाक का पात्र बन गया है, लेकिन भाजपा अब भी शायद यही कहेगी कि नरेन्द्र मोदी विश्वगुरु हैं, उन्हें पूरी दुनिया के नेता सम्मान देते हैं।अंग्रेजों का गुलाम बनने से पहले भारत सोने की चिड़िया कहा जाता था, दूध-दही की नदियां बहने के मुहावरे यहां बने, तो इसका अर्थ यही है कि हमारे पास प्राकृतिक और आर्थिक दोनों संपदा प्रचुर मात्रा में थी। लेकिन विदेशी व्यापारियों के आगे घुटने टेकने और उनकी रणनीति में मोहरा बनने की बड़ी गलती कर तत्कालीन राजाओं ने पूरे देश को दो सदियों की गुलामी में धकेल दिया। इसके बाद देश को आजाद कराने में लगे स्वाधीनता सेनानियों ने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक हर क्षेत्र की कमजोरियों और कुप्रथाओं की शिनाख्त की, ताकि देश को आजाद कराने के साथ-साथ नयी मजबूत नींव पर खड़ा किया जा सके। आजाद भारत को दुनिया की शक्तियों से मुकाबला करने में आसानी हो जाएगी, ऐसा उनका यकीन था। आजादी के बाद इसी दिशा में काम भी हुआ। संविधान बना, स्वतंत्र विदेश नीति बनी, मिश्रित अर्थव्यवस्था की राह पर देश चला, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजाओं के प्रिवीपर्स खत्म हुए, हरित क्रांति, श्वेत क्रांति, संचार क्रांति हुई, अनेक सार्वजनिक निकाय खड़े हुए ताकि रोजगार की व्यवस्था हो, उच्च शिक्षा के लिए काम हुआ। इसके साथ-साथ देश में गैरबराबरी और सांप्रदायिक नफरत को मिटाने की सतत कोशिशें भी चलीं। लेकिन भारत की आजादी से लेकर उसके नवनिर्माण के पूरे दौर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने कार्यकर्ताओं को तैयार करता रहा कि वे इन सारी उपलब्धियों पर पानी फेर कर हिंदू राष्ट्र का कथानक तैयार करें। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी संघ की भारत को देन हैं। जिन्होंने 11 बरसों के शासनकाल में आजादी के 75 बरसों के भारत को पूरी तरह जर्जर और खोखला बना दिया है। उस पर तुर्रा ये कि अब वो खुलकर कालेधन की हिमायत करने लगे हैं। मंगलवार को गुजरात में जापान के साथ एक संयुक्त उपक्रम की शुरुआत करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मेरी स्वदेशी की व्याख्या बहुत सिंपल है, पैसा किसका लगता है, उससे मुझे कोई लेना-देना नहीं है। वो डॉलर है, पाउंड है, वो करंसी काली है, गोरी है, मुझे कोई लेना-देना नहीं है। इसका मतलब यही है कि श्री मोदी ने काले धन को अपनी सहमति दे दी है।याद कीजिए 2014 में सत्ता पर बैठने के लिए यूपीए सरकार पर भ्रष्टाचार के खूब इल्जाम भाजपा ने लगाए। फिर नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जितना काला धन विदेशों में है, सब वापस लाऊंगा और हरेक के खाते में 15-15 लाख आ जाएंगे। 15 लाख तो किसी के खाते में नहीं आए, उल्टा जो जमा पूंजी थी वो 2016 की नोटबंदी में निकल गई, तब भी श्री मोदी ने काले धन को मिटाने का ही वास्ता दिया था। अब उस फैसले की चर्चा नरेन्द्र मोदी कभी नहीं करते हैं, क्योंकि जानते हैं कि नोटबंदी उनकी बड़ी गलती थी, या फिर आम भारतीय की कमर तोड़ने की सायास कोशिश, ताकि जनता दो वक्त की रोटी के लिए जूझते रहे और उसे अन्य मुद्दों को देखने-समझने की फुर्सत ही नहीं मिले। जनता को मजबूर कर उद्योगपतियों के लिए काम करना आसान हो जाता है। भाजपा और नरेन्द्र मोदी की मुहिम में मीडिया ने भी भरपूर साथ दिया, क्योंकि मीडिया पर भी पूंजीपतियों का कब्जा हो चुका है। रोजगार, उद्योग-धंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्रों की कमियां इन सब पर



खबरें बिल्कुल नहीं होती, केवल हिंदू-मुसलमान के नए-नए विवाद खड़े कर उन पर अशोभनीय चर्चाएं टीवी पर होती हैं। एक चर्चा में जनता उलझती है, तब तक दूसरा विवाद खड़ा हो जाता है।इसलिए जनता मोदी सरकार से और नरेन्द्र मोदी से ये सवाल नहीं कर रही कि आपने अमेरिका को किस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच आने दिया, जबकि शिमला समझौता यही है कि दोनों देशों के बीच तीसरे पक्ष के लिए कोई स्थान नहीं रहेगा। हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए पाकिस्तान को हराने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन अमेरिका के कहने पर सैन्य अभियान को रोकना क्या देश की सुरक्षा से खिलवाड़ और सैनिकों का अपमान नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने जो हमले किए, उनमें कई आम नागरिक मारे गए और सैनिकों की शहादत भी हुई, क्या उनकी जान की कीमत अब अमेरिका तय करेगा। पहलगाम के दोषी कहां हैं, इस पर भी क्या अमेरिका जवाबदेही लेगा। इसी तरह गलवान के बाद चीन के आगे नरेन्द्र मोदी ने घुटने टेके और देश का अपमान किया है।डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर युद्ध रुकवाया, नरेन्द्र मोदी भी कहते हैं कि उनके खून में व्यापार है। तो फिर ट्रंप को व्यापार में उन्होंने आगे क्यों निकलने दिया। क्यों नरेन्द्र मोदी अमेरिका को बढ़ा हुआ टैरिफ लगाने से रोक नहीं पाए। अमेरिका अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रहा है। यह पूरी दुनिया में लगाए गए टैरिफ की सबसे अधिक टैरिफ दर है। इस वजह से निर्यातकों और किसानों को नुकसान तो हो ही रहा है, बड़ी संख्या में बेरोजगारी बढ़ने की आशंका भी बन गई है। तिरुपुर, नोएडा और सूरत जैसे प्रमुख कपड़ा उत्पादन केंद्रों में मंगलवार से उत्पादन रोक दिया गया है, क्योंकि अब निर्यात कठिन हो जाएगा। भारतीय निर्यात संगठनों के संघ (एफआईईओ) ने बताया है कि अब कपड़ा और परिधान उद्योगों में लागत बढ़ रही है। वियतनाम और बांग्लादेश जैसे कम लागत वाले प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले भारत की स्थिति अब खराब हो गई है। संघ ने सरकार से तत्काल मदद मांगी है। जिनमें छोटे व्यापारियों और लघु उद्योगों को तुरंत आर्थिक सहायता दी जाए, उन्हें सस्ते ऋण और आसान क्रेडिट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ब्याज और मूलधन चुकाने के लिए कम से कम 1 साल की राहत मिले, प्रभावित कंपनियों को बिना गारंटी वाले लोन दिए जाएं, यूरोपीय यूनियन, ओमान, चिली, पेरू, अफ्रीकी देशों और लैटिन अमेरिका के साथ जल्द से जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किए जाएं ताकि अमेरिकी बाजार के नुकसान की भरपाई हो सके, आदि प्रमुख हैं।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, यह टैरिफ 60.2 बिलियन डॉलर मूल्य के भारतीय निर्यात को प्रभावित करेगा, जिसमें कपड़ा, रत्न और आभूषण, झींगा, कालीन और फर्नीचर शामिल हैं। इन क्षेत्रों में निर्यात मात्रा में 70 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। नयी टैरिफ दरों के बाद टेक्सटाइल और गारमेंट्स- कपड़ों पर टैरिफ 9 प्रतिशत से बढ़कर 59प्रतिशत और रेडीमेड पर 13.9प्रतिशत से बढ़कर 63.9प्रतिशत हो जाएगा। तिरुपुर, सूरत, लुधियाना और मुंबई जैसे केंद्र प्रभावित होंगे। मेटल सेक्टर- स्टील, एल्युमिनियम और कॉपर पर टैरिफ 1.7प्रतिशत से बढ़कर 51.7प्रतिशत हो गया है। फर्नीचर और बेडिंग- 2.3प्रतिशत से बढ़कर 52.3प्रतिशत। सीफूड- पहले कोई टैरिफ नहीं था, अब 50प्रतिशत लगाया जाएगा। ज्वेलरी और प्रेशियस मेटल्स- हीरे और सोने पर शुल्क 2.1प्रतिशत से बढ़कर 52प्रतिशत। मशीनरी और मैकेनिकल सामान- 1.3प्रतिशत से बढ़कर 51.3प्रतिशत। ऑटो सेक्टर- गाड़ियों और स्पेयर पार्ट्स पर अलग से 25प्रतिशत नहीं लगाया गया, लेकिन कुल 26प्रतिशत शुल्क लागू रहेगा।कोरोना के बाद से पूरी दुनिया में कारोबार प्रभावित हुआ। पिछले पांच सालों में जो संभलने की कोशिश व्यापारियों ने की थी, अब ट्रंप के टैरिफ से उसे और झटका लगेगा। इस झटके से उबरने में अगर सरकार ने कोई मदद नहीं की, तो फिर इसका बोझ भी जनता पर ही आएगा। यानी दोनों सूरतों में जनता को नुकसान होना तय है। बेरोजगारी, महंगाई बढ़ेगी लेकिन श्री मोदी अब भी इससे बेपरवाह दिख रहे हैं। उनके भाषणों में कोरी लफ्फाजी के कुछ नहीं होता। संकल्प, शक्ति, विकास, नया भारत, बस ऐसे कुछ शब्दों की जुगाली हो रही है, देश का कुछ भला नहीं हो रहा है।

## पहले दिन ही मंगल इलेक्ट्रिकल का कमजोर प्रदर्शन, स्टॉक मार्केट में निराश हुए निवेशक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी मंगल इलेक्ट्रिकल के शेयरों ने झ स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 561 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 558 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 556 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह स्टॉक मार्केट में एंट्री करने के साथ ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ा। हालांकि लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर उछल कर 565 रुपये के स्तर तक भी पहुंचे, लेकिन बाद में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसके भाव में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद मंगल इलेक्ट्रिकल के शेयर 533.95 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 4.82 प्रतिशत का नुकसान हो गया। मंगल इलेक्ट्रिकल का 400 करोड़ रुपये का आईपीओ 20 से 22 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 9.95 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 11.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## शेयर बाजार पर अमेरिकी टैरिफ का कहर, लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली।** भारत पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ का असर आज लगातार दूसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में नजर आया। शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में तेज गिरावट आई, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार की चाल में सुधार होने लगा। हालांकि दोपहर 11 बजे के बाद एक बार फिर बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.87 प्रतिशत और निफ्टी 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, आईटी, एफएमसीजी, टेलीकम्युनिकेशन और रियल्टी सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, फार्मास्युटिकल, ऑयल एंड गैस, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही।

## भारत-कतर ने व्यापार और निवेश संबंध के विस्तार पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और कतर ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ-साथ कारोबार के अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्र के निवेशों को प्रोत्साहित करने के विषय पर गहन विचार-विमर्श किया। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में भारतीय दल का नेतृत्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने और कतर के दल का नेतृत्व वहां के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. अहमद बिन मोहम्मद अल-सईद ने किया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि इस ऐतिहासिक द्विपक्षीय बैठक में भारत और कतर के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के नए रास्ते खोलने पर गहन बातचीत की गई। चौधरी ने कहा कि कतर के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. अहमद बिन मोहम्मद अल-सईद और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में भारत और कतर के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के नए रास्ते खोलने के उद्देश्य से गहन चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस बैठक में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, व्यावसायिक अवसरों का विस्तार करने और उभरते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। चौधरी ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल की व्यापक भागीदारी और विचारशील संवाद ने ये स्पष्ट कर दिया कि भारत और कतर भविष्य की साझेदारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पीएमजेडीवाई के 11 साल पूरे, 56 करोड़ से अधिक खाते खुले, जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** देश में वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय मिशन के रूप में शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने अपने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान 56 करोड़ से ज?यादा जन-धन खाते खोले गए, जिसमें कुल 2.68 लाख करोड़ रुपये की राशि जमा है। दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल के रूप में पीएमजेडीवाई लाखों वंचित नागरिकों के लिए बैंकिंग तक पहुंच को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों 28 अगस्त, 2014 को शुरू की गई पीएमजेडीवाई योजना ने देशभर में बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आधिकारिक आंकड़ों के जरिये बताया कि लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं, जबकि 56 फीसदी महिलाओं के नाम हैं। इस पहल से दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में शामिल होने में मदद मिली है।

# भारत में औद्योगिक विकास दर जुलाई में चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर रही

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक विकास दर जुलाई में चार महीनों के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर रही है। इसकी वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का मजबूत प्रदर्शन करना था। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा दी गई। इससे पहले देश में औद्योगिक विकास दर जून में 1.5 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ने सालाना आधार पर जुलाई में 5.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है।मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ही देश के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण रोजगार प्रदान करता है। जुलाई में बिजली उत्पादन में मामूली 0.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, खनन क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई और भारी मानसूनी बारिश के कारण उत्पादन में (-) 7.2 प्रतिशत की कमी आई है।



मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 23 उद्योग समूहों में से 14 ने पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में जुलाई में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। जुलाई में मैन्युफैक्चर ऑफ बेसिक मेटल उद्योग समूह में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें स्टील प्रोडक्ट्स को शामिल किया जाता है। मैन्युफैक्चर ऑफ इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट उद्योग समूह में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें स्विचगियर, सर्किट ब्रेकर्स, कंट्रोल पैनल और ट्रांसफॉरमर शामिल किए जाते हैं। वहीं, मैन्युफैक्चर ऑफ अदर नॉनमिटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स उद्योग समूह में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, इसमें सीमेंट आदि आता है।उपयोग-आधारित वर्गीकरण के आंकड़े दर्शाते हैं कि पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन जुलाई में 5 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि के साथ बढ़ा। इसमें कारखानों में उपयोग होने वाली मशीनें शामिल हैं। यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था में हो रहे वास्तविक निवेश को दर्शाता है, जिसका भविष्य में रोजगार सृजन और आय पर गुणात्मक प्रभाव पड़ता है। रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और टीवी सेट जैसी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स गुड्स का उत्पादन इस महीने 7.7 प्रतिशत बढ़ा, जो आय में वृद्धि के साथ इन उत्पादों की मांग में वृद्धि को दर्शाता है। राजमार्गों, रेलवे और बंदरगाहों में लागू की जा रही बड़ी सरकारी परियोजनाओं के कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर और निर्माण क्षेत्र में 11.9 प्रतिशत की दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई।

## डॉलर की तुलना में 7 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आने और डॉलर इंडेक्स के कमजोर पड़ने के कारण आज भारतीय मुद्रा डॉलर पर भारी पड़ती हुई नजर आई। हालांकि, स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण मुद्रा बाजार में रुपये पर दबाव की स्थिति भी बनी रही, इसके बावजूद रुपया आज डॉलर की तुलना में मजबूत होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 7 पैसे उछल कर 87.62 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 87.69 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त के साथ 87.52 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद डॉलर इंडेक्स की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट के कारण रुपया मजबूत होकर 87.51 के स्तर तक पहुंचा। हालांकि, रुपये की ये मजबूती अधिक देर तक टिक नहीं सकी। स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली और डॉलर की निकासी करने के कारण मुद्रा बाजार में रुपये पर दबाव बढ़ता चला गया। डॉलर की निकासी का दबाव बढ़ने पर रुपया ओपनिंग लेवल से 16 पैसे टूट कर 87.68 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, दिन के दूसरे सत्र में डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपये की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आने लगा, जिसकी वजह से पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 7 पैसे की उछाल के साथ 87.62 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

# कैट ने अमेरिकी टैरिफ को वैश्विक बाजारों की खोज का बताया अवसर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के ट्रंप सरकार की ओर से भारत पर हाल ही में लगाए गए भारी भरकम टैरिफ को कारोबारियों की संस्था कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने झटका नहीं, बल्कि एक नया अवसर करार दिया है। कैट ने कहा कि? भारत का व्यापारी एवं उद्योग जगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर कदम के समर्थन में मजबूती से खड़ा है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया ने कहा कि व्यापार करने के लिए अमेरिका ही एकमात्र जगह नहीं है। पूरी दुनिया भारतीय व्यापारियों के लिए खुली है। वहीं, सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह संकट का नहीं बल्कि अपना दायरा बढ़ाने का अवसर है। दोनों कारोबारी नेताओं ने कहा कि हम इसे एक वरदान के रूप में देखते हैं। भरतिया ने कहा, व्यापार करने के लिए अमेरिका ही एकमात्र गंतव्य नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा कि यूके, यूरोपीय बाज़ार, दक्षिण अफ्रीका, आसियान देश, लैटिन अमेरिका, यूएई आदि में भारत के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। भारतीय व्यापारी चुनौतियों से डरते नहीं हैं, हर नई परिस्थिति एक नया अवसर लेकर आती है। हम इसे एक ऐसे मोड़ के रूप में देख रहे हैं, जो हमारे व्यापारिक दायरे को और विस्तृत करेगा। उन्होंने कहा, भारतीय व्यापारी इस चुनौती को ऐतिहासिक अवसर में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारत की भूमिका को वैश्विक व्यापार शक्ति के रूप में और अधिक मज़बूत करेंगे। वहीं, सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, इतिहास गवाह है कि व्यापार भारत की रगों में है। सिंधु घाटी सभ्यता के युग से ही भारत वैश्विक वाणिज्य का केंद्र रहा है। उन?होंने आगे कहा कि कोई भी अवरोध भारतीय व्यापारियों को व्यापार करने से रोक नहीं सकता। यह कोई संकट नहीं, बल्कि अपने क्षितिज को फैलाने का अवसर है। यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका, मध्य पूर्व और अन्य क्षेत्र विशाल संभावनाएं रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय व्यापारी हर बार मज़बूत होकर लौटे हैं–चाहे वह कोविड-19 हो, आर्थिक मंदी हो या प्राकृतिक आपदाएं। यह भी सिर्फ़ एक सीढ़ी है। खंडेलवाल ने कहा कि भारत के 9 करोड़ व्यापारियों की दृढ़ता और उद्यमशीलता की भावना ने हमेशा देश की घरेलू अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाए रखा है। देश के जीडीपी एवं रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, ÷आज भारतीय व्यापारी अपनी रणनीतियों को नया रूप देने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत करने और डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाकर नए बाजारों में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों के तहत भारत एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में उभर रहा है। दुनिया भारत से भरोसेमंद व्यापारिक रिश्तों की अपेक्षा रखती है।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए सरकार के पूर्ण समर्थन का दिया आश्वासनः फियो

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्यातकों के एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार इस चुनौतीपूर्ण समय में उनके साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी चिंताओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उच्च अमेरिकी टैरिफ के बीच उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने जारी एक बयान में कहा कि यह आश्वासन फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को दिया गया। एस सी रल्हन के नेतृत्व में फियो के एक प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री सीतारमण से नई दिल?ली में मुलाकात की और हाल ही में अमेरिकी टैरिफ में की गई वृद्धि के कारण भारतीय निर्यातकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने वित्त मंत्री से मुलाकात के दौरान बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धा और रोजगार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर जोर दिया और निर्यातक समुदाय की सहायता के लिए त्वरित नीतिगत



उपाय करने का आग्रह किया। वित्त मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इन निर्यातकों के साथ मजबूती से खड़ी है और व्यापारिक हितों की रक्षा और श्रमिकों की आजीविका की रक्षा के लिए व्यापक समर्थन का वचन देती है। रल्हन ने कहा कि मंत्री का आश्वासन निर्यातकों के लिए आत्मविश्वास का एक बड़ा स्रोत है। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि फियो बाजारों में विविधता लाने और भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेगा।

सीतारमण से मुलाकात के दौरान फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन, उपाध्यक्ष रविकांत कपूर, फियो के महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ अजय सहाय, फरीदा समूह के निदेशक इसरार अहमद और भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के अध्यक्ष पंकज चड्ढा शामिल थे।

# सोने का दाम 1.01 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार, चांदी ऑल-टाइम हाई पर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखी गई। सोने का दाम 1.01 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 1.17 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 622 रुपए बढ़कर 1,01,506 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते बुधवार को 1,00,884 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 92,980 रुपए हो गई है, जो कि पहले 92,410 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 76,130 रुपए हो गया है, जो कि पहले 75,663 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है। चांदी की कीमत 1,240 रुपए बढ़कर ऑल-



टाइम हाई 1,17,110 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है, जो कि पहले 1,15,870 रुपए प्रति किलो थी। वायदा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में मजबूती दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 3 अक्टूबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.12 प्रतिशत बढ़कर 1,01,667 रुपए और चांदी के 5 सितंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.93 प्रतिशत बढ़कर 1,17,175 रुपए थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने और चांदी की कीमत में मजबूती देखी गई है। कॉमैक्स पर सोना करीब 0.23 प्रतिशत बढ़कर 3,456 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 39.14 डॉलर प्रति औंस पर थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोने की कीमत एक सीमित दायरे में बनी हुई है। निवेशकों का ध्यान अब अगले हफ्ते पर शिफ्ट हो गया है, जब अमेरिका में बेरोजगारी और नॉन-फार्म पेरोल का डेटा जारी किया जाएगा। साथ ही, इस दौरान फेड ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे सोने की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 25,344 रुपए या 33.27 प्रतिशत बढ़कर 1,01,506 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 31,093 रुपए या 36.14 प्रतिशत बढ़कर 1,17,110 रुपए पर पहुंच गया है।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कतर के विदेश व्यापार मामलों के मंत्री से मुलाकात की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कतर के विदेश व्यापार मामलों के राज्य मंत्री डॉ. अहमद बिन मोहम्मद अल-सईद से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। कतर के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. अहमद बिन मोहम्मद अल-सईद से मुलाकात में सीतारमण ने पिछले दशक में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए भारत के परिवर्तनकारी कदमों का उल्लेख किया। दोनों मंत्रियों ने भारत और कतर के बीच रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कतर के प्रतिनिधिमंडल ने भारत के आर्थिक विकास और तकनीकी विकास को देखते हुए भारत में निवेश के अच्छे अवसर उपलब्ध होने की उम्मीद जताई।

# छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार : मुख्यमंत्री साय

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में कोरिया इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन और निवेशकों के समक्ष छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी प्रो-एक्टिव एवं विकासोन्मुख औद्योगिक नीति 2024-30, प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों और प्रशिक्षित जनशक्ति के बल पर वैश्विक निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में जल, ऊर्जा, लौह अयस्क व स्टील और बेहतरीन कनेक्टिविटी उपलब्ध है। ये संसाधन दक्षिण कोरियाई निवेशकों



के लिए अवसरों के नए द्वार खोलते हैं। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सिंगल-विंडो क्लीयरेंस, व्यवसाय सुगमता और उद्योग-अनुकूल नीतियों के माध्यम से प्रत्येक निवेशक को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज खनिज, ऊर्जा, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और आईटी-स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों में वैश्विक निवेश का स्वागत कर रहा है। उन्होंने ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल केवल औद्योगिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को रोजगार, महिलाओं को स्वावलंबन और किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण भी हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने भारत के राजदूत अमित कुमार से भारतीय दूतावास सियोल में मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेश संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने स्टील और खनिज से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स व फूड प्रोसेसिंग तक, मजबूत द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया है। साय ने दक्षिण कोरिया और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक एवं कारोबारी रिश्तों को रेखांकित करते हुए कहा कि इन साझेदारियों से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, अनुसंधान एवं नवाचार और उच्च मूल्य रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे। उन्होंने कोरियाई निवेशकों से आग्रह किया कि वे छत्तीसगढ़ को अपने नए औद्योगिक निवेश स्थल के रूप में चुनें और साझा समृद्धि की इस यात्रा का हिस्सा बनें।

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र सरकार से तिरुपुर कपड़ा उद्योग को राहत देने की मांग की

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए तिरुपुर कपड़ा उद्योग को राहत प्रदान करने की मांग की है। स्टालिन ने कहा है कि टैरिफ में बढ़ोतरी से तमिलनाडु के निर्यात पर गहरा असर पड़ा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यूएस टैरिफ में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी से तमिलनाडु के निर्यात पर, विशेष रूप से तिरुपुर के कपड़ा केंद्र पर भारी असर पड़ा है। इससे लगभग 3,000 करोड़ रुपये का व्यापार प्रभावित हुआ है और हजारों नौकरियां खतरे में पड़ गई हैं। उन्होंने मांग करते हुए लिखा कि मैं हमारे उद्योगों और श्रमिकों की सुरक्षा के लिए तत्काल राहत और संरचनात्मक सुधारों के लिए केंद्र सरकार से अपनी मांग



दोहराता हूं। इससे कुछ दिन पहले स्टालिन ने कहा था कि अमेरिकी टैरिफ 25 प्रतिशत से बढ़कर संभावित रूप से 50 प्रतिशत हो जाने से, तमिलनाडु पर ज़्यादातर राज्यों की तुलना में ज़्यादा असर पड़ेगा क्योंकि हमारे निर्यात अमेरिकी बाजार से गहराई से जुड़े हुए हैं। कपड़ा, चमड़ा, ऑटो, मशीनरी और अन्य क्षेत्रों में लाखों नौकरियां खतरे में हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मानव निर्मित रेशों पर 5 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित करने, कपास के आयात पर शुल्क हटाने, स्थगन के साथ आसान कम ब्याज वाले ऋण उपलब्ध कराने तथा निर्यात प्रोत्साहन और ऋण बढ़ाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व्यापार संकट से निपटने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करेगी।

## सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट की अवधि 3 महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर तक की

**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन की ओर से भारतीय आयात पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ के बीच केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की जाएगी। सरकार के इस कदम का मकसद अमेरिका के कुल 50 फीसदी उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। मंत्रालय के मुताबिक इसमें पांच फीसदी मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच फीसदी कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट के साथ दोनों पर 10 फीसदी सामाजिक कल्याण अधिभार छूट शामिल है, जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11 फीसदी बैठता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस कदम से उत्पादन लागत कम करके तथा कपड़ा क्षेत्र में लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को संरक्षण देकर भारतीय कपड़ा उत्पादों की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।

# जन धन योजना ने लोगों को दिया अपनी किस्मत खुद संवारने का मौकाः मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन धन योजना के 11 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि इसने अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी वित्तीय तंत्र से जोड़ा और उन्हें अपनी किस्मत खुद संवारने का मौका दिया।

प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी। इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी आधिकारिक पोस्टों पर प्रतिक्रिया देते हुये श्री मोदी ने लिखा, जब अंतिम छोर पर मौजूद लोग वित्तीय तंत्र से जुड़ते हैं तो पूरा देश एक साथ तरक्की करता है। पीएम जन धन योजना की यही उपलब्धि रही है। इसने लोगों को आत्मसम्मान दिलाया और उन्हें अपनी किस्मत खुद लिखने की ताकत दी। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जन धन योजना के तहत अब तक 56.21 करोड़ बैंक खाते खोले गये हैं जिनमें कुल 2,65,503 करोड़ रुपये की राशि जमा है। जन धन खाताधारकों को 38 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क रुपे कार्ड जारी किये गये हैं जिससे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिला है। वहीं, 13.55 लाख बैंक मित्र लोगों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं जिनके लिए पहले बैंक जाना होता था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन, आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है। बैंक खातों तक सार्वभौमिक पहुंच गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग लेने और इसके अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि बैंक खाते खुलने के बाद प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिये लोगों को कई तरह की सुविधाएं प्रदान की गईं। ये खाते ऋण सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और बचत एवं निवेश बढ़ाने के प्रमुख माध्यमों में से एक रहे हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, जो दिखाता है कि देश के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले वंचित लोगों को औपचारिक वित्तीय तंत्र से जोड़ा गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जन धन योजना न केवल देश में, बल्कि पूरी दुनिया में सबसे सफल वित्तीय समावेशन पहलों में से एक रही है। निरंतर प्रयासों से हम बैंक खातों में लगभग पूर्णता प्राप्त कर चुके हैं और देश भर में बीमा और पेंशन कवरेज में निरंतर वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक अभियान शुरू किया है जिसके तहत देश की 2.7 लाख ग्राम पंचायतों में से प्रत्येक में कम से कम एक शिविर आयोजित कर उन पात्र व्यक्तियों की पहचान की जायेगी जो बैंकिंग सुविधा से वंचित हैं और जिनके जन धन खाते खुल सकते हैं। इस अभियान का समापन 30 सितंबर को होगा। जन धन योजना की खास बात यह है कि इसे खोलते समय कोई पैसा जमा करना जरूरी नहीं होता और न ही कोई न्यूनतम मासिक राशि रखनी होती है। प्रत्येक खाते के साथ एक निःशुल्क रुपे डेबिट कार्ड आता है, जो 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करता है, जिससे डिजिटल लेनदेन और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। खाता धारक 10,000 रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा के भी पात्र हैं, जो आपात स्थिति में सुरक्षा प्रदान करती है। पूरी तरह से केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) अनुपालन वाले जन धन खातों में शेष राशि या लेनदेन की राशि की कोई सीमा नहीं है। एक महीने में कम से कम चार बार निःशुल्क निकासी की अनुमति है, जिसमें मेट्रो एटीएम सहित किसी भी एटीएम से निकासी शामिल है।

## टोनी ब्लेयर और जेरेड कुशनर ने ट्रंप से की गाजा योजना पर चर्चा

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और जेरेड कुशनर ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के साथ युद्धोत्तर गाजा के लिए एक योजना पर चर्चा की। तीनों के बीच यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब प्रशासन लगभग दो साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के तरीके तलाश रहा है।सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार राष्ट्रपति के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ और प्रशासन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी बैठक में शामिल हुए। ओवल ऑफिस में हुई यह बैठक एक घंटे से अधिक समय तक चली। चर्चा का पूरा विवरण अभी सामने नहीं आ पाया है। नेतन्याहू के करीबी माने जाने वाले कुशनर राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद हैं और उनके पहले प्रशासन के दौरान वह प्रभावशाली सलाहकार रहे हैं। दूसरे कार्यकाल के लिए ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से वह मध्य पूर्व के मुद्दों पर प्रशासनिक अधिकारियों को चुपचाप सलाह दे रहे हैं। हालांकि, व्हाइट हाउस में उनकी कोई आधिकारिक भूमिका नहीं है।

## सीआईडी ने शुरू की श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल से प्रधानमंत्री हरिनी की मुलाकात की जांच

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने उन सोशल मीडिया पोस्ट्स की जांच शुरू कर दी है, जिनमें दावा किया गया कि प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से अस्पताल में मुलाकात की थी। मलिगाकांडा मजिस्ट्रेट ने सीआईडी को सूचित किया है कि जरूरत पड़ने पर कोलंबो के राष्ट्रीय अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की अनुमति दी जा सकती है। डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार मजिस्ट्रेट लोचानी अबेविक्रमा ने सीआईडी को प्रधानमंत्री अमरसूर्या और उनके सुरक्षाकर्मियों के बयान दर्ज करने का आदेश दिया है। सीआईडी ने मजिस्ट्रेट को सूचित किया है कि उन सोशल मीडिया पोस्ट्स की जांच शुरू कर दी गई है, जिनमें दावा किया गया कि प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से अस्पताल में मुलाकात की। मजिस्ट्रेट ने सीआईडी को सूचित किया कि प्रधानमंत्री और उनके सुरक्षा अधिकारियों के बयान दर्ज करने के बाद यदि आवश्यक हो तो राष्ट्रीय अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जाँच करने की अनुमति दी जा सकती है। रानिल को भ्रष्टाचार के केस में गिरफ्तारी के बाद 26 अगस्त को जमानत के बाद रिहा किया गया है। श्रीलंका की 16वीं प्रधानमंत्री हरिनी दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा हैं। साल 1988-89 में श्रीलंका में तमिल आंदोलन के कारण हालात हिंसक हो जाने पर हरिनी अमरसूर्या पढ़ाई के लिए भारत आई थीं। 1990 में हरिनी ने हिंदू कॉलेज में प्रवेश लिया। उन्होंने 1991 से 1994 तक समाज शास्त्र की पढ़ाई की।

## चीन की स्वतंत्रता दिवस परेड के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम को मिला न्योता, दक्षिण कोरिया सकते में

**सियोल (दक्षिण कोरिया।** चीन के फैसले से दक्षिण कोरिया का शीर्ष नेतृत्व सकते में है। उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन के तीन सितंबर को बीजिंग में आयोजित होने वाली स्वतंत्रता दिवस परेड में शामिल होने की घोषणा ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने इस परेड में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। दक्षिण कोरिया नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वू वोन-शिक जरूर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के कई सांसदों के साथ परेड में मौजूद रहेंगे। दक्षिण कोरिया के अखबार द कोरिया हेराल्ड की खबर के अनुसार प्योंगयांग के सरकारी मीडिया और बीजिंग के अधिकारियों ने किम की भागीदारी की घोषणा की। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के 80 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह परेड तीन सितंबर को बीजिंग के तियानमेन चौक पर आयोजित होनी है। यदि उत्तर कोरियाई नेता की बीजिंग यात्रा संपन्न होती है तो 2011 में सत्ता संभालने के बाद से किम की यह किसी बहुपक्षीय कार्यक्रम में पहली भागीदारी होगी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार किम जोंग-उन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध की विजय की 80वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेने के लिए शीघ्र ही चीन का दौरा करेंगे।

## बांग्लादेश में संसदीय चुनाव फरवरी में, आयोग दिसंबर में जारी करेगा कार्यक्रम

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव आयोग ने फरवरी में होने वाले 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव की संक्षिप्त रूपरेखा बुधवार को घोषित कर दी। आयोग के अधिकारी फिलहाल निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं और मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय चुनाव अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े में होंगे और आधिकारिक चुनाव कार्यक्रम दिसंबर की शुरुआत में घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी नए राजनीतिक दलों का पंजीकरण होना बाकी है। चुनाव पर्यवेक्षकों की औपचारिकता पूरी करनी है। इससे पहले कल आयोग के अधिकारियों ने बताया था कि आयोग को 83 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं पर 1,760 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं और इनकी सुनवाई शुरू हो गई है। हालांकि, परिसीमन प्रक्रिया के दौरान अभूतपूर्व स्थिति उस समय उत्पन्न हो गई, जब चुनाव आयोग का मुख्य द्वार तोड़ दिया गया।

# नेपाल आने वाले 400 से अकि कंटेनर चीन की सीमा में रुकने से नेपाल के व्यापारी परेशान

**एजेंसी**

**काठमांडू।** बाढ़ और भूस्खलन के कारण नेपाल चीन के बीच दो प्रमुख व्यापार मार्ग लगभग पूरी तरह से बंद हो गए हैं, जिससे नेपाल में बड़ी मात्रा में आयात होने वाली उपभोक्ता वस्तुओं का आयात नहीं हो पा रहा है। चीन की सीमा में करीब 400 से अधिक कंटेनरों के होल्ड होने से नेपाल के व्यापारी परेशान हैं।

व्यापारियों ने बताया है कि नेपाल आने के लिए तैयार माल से भरे लगभग 400 कंटेनर वहां फंसे हुए हैं, क्योंकि नेपाल चीन को जोड़ने वाले मुख्य व्यापारिक केंद्र, तातोपानी और रसुवागढ़ी, मानसून से संबंधित आपदाओं के कारण लगभग बंद हो गए हैं। चीन में कंटेनरों के रुकने के कारण इस वर्ष के पर्व त्यौहारों को लक्षित करते हुए व्यवसायियों द्वारा मंगाया गया सामान बाढ़ और भूस्खलन के कारण नहीं आ सका, इसलिए उपभोक्ताओं



को इस वर्ष सामान की कमी और अनियंत्रित मूल्य वृद्धि के दोहरे बोझ का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल ओवरसीज एक्सपोर्ट इम्पोर्ट एसोसिएशन के महासचिव जयंत कुमार अग्रवाल के अनुसार, चीन से आने वाले लगभग 400 कंटेनर माल को रोक दिया गया है। उन्होंने कहा, हमारे पास सटीक आंकड़े नहीं हैं, लेकिन हमारा अनुमान है कि चीन से आने वाले लगभग 400 कंटेनर माल को रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि उन कंटेनरों में आने वाले पर्व त्यौहारों के लिए लक्षित पूरा सामान शामिल है, जैसे कपड़े, जूते, सेब, अखरोट, लहसुन, सूखे मेवे और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट। महासचिव अग्रवाल कहते हैं कि यह सिर्फ़ इस साल के मानसून से पैदा हुआ एक बार का संकट नहीं है, बल्कि हर साल आने वाली एक आवर्ती आपदा है। यह समस्या सिर्फ आज की नहीं है, हम वर्षों से इससे जूझ रहे हैं। नई व्यापारिक सीमा को उन्नत करना जरूरी है। अगर चीन के साथ व्यापार समुद्र के रास्ते होता है, तो बाजार में कीमतें और कमी दोनों निश्चित रूप से बढ़ेंगी। नेपाल हिमालयन क्रॉस-बॉर्डर कॉमर्स एसोसिएशन के महासचिव राम चंद्र पराजुली के अनुसार, यदि चीन में फंसे सामान अगले 10 से 15 दिनों के भीतर नेपाल में प्रवेश नहीं कर पाते हैं, तो पर्व त्यौहारों का सीजन और महंगा होना तय है।

## अलास्का में एफ-35 क्रैश रिपोर्ट : पायलट ने दुर्घटना से पहले इंजीनियरों से की थी लंबी बात

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वायुसेना के अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान की इस साल जनवरी में अलास्का के आइल्सन एयरफोर्स बेस पर हुई दुर्घटना की जांच रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान क्रैश होने से कुछ समय पहले पायलट ने लॉकहीड मार्टिन के इंजीनियरों के साथ करीब 50 मिनट तक कॉन्फ्रेंस कॉल पर चर्चा की, ताकि तकनीकी समस्या का समाधान निकाला जा सके। जांच में पता चला कि घटना की जड़ लैंडिंग गियर के हाइड्रोलिक सिस्टम में बर्फ जमने से हुई गड़बड़ी थी। उड़ान भरते ही पायलट को गियर वापस खींचने में दिक्कत हुई। बाद में नोज गियर एक गलत एंगल पर लॉक हो गया। इसके चलते विमान के सिस्टम ने गलत संकेत प्राप्त किए और यह मान लिया कि विमान जमीन पर है, जिससे लगातार तकनीकी विफलताएं शुरू हो गईं। मानक प्रक्रियाओं से समस्या हल नहीं होने पर पायलट ने लॉकहीड के पांच इंजीनियरों से संपर्क किया, जिनमें लैंडिंग गियर और सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ भी शामिल थे। इंजीनियरों के सुझाव पर पायलट ने दो बार टच-एंड-गो लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन इससे स्थिति और बिगड़ गई। दोनों मुख्य लैंडिंग गियर भी फंस गए और ठीक से नहीं खुल पाए। इसके बाद जैसे ही विमान के सेंसर ऑटोमैटिक ग्राउंड-ऑपरेशन मोड में शिफ्ट हुए, एफ-35 अनियंत्रित हो गया। अंततः पायलट को इजेक्ट करना पड़ा। विमान क्रैश होकर आग के गोले में तब्दील हो गया। करीब 20 करोड़ डॉलर की लागत वाला यह अत्याधुनिक फाइटर पूरी तरह नष्ट हो गया, जबकि पायलट को मामूली चोटें आईं।

## प्रिंस हैरी और किंग चार्ल्स तृतीय के बीच सुलह, आठ सितंबर को हो सकती है मुलाकात

**एजेंसी**

**लंदन।** प्रिंस हैरी और उनके पिता किंग चार्ल्स तृतीय के बीच सुलह का रास्ता लगभग खोज लिया गया है। पिता और पुत्र के बीच 20 महीनों में पहली बार होने वाली मुलाकात पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं। प्रिंस हैरी के आठ सितंबर को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तीसरी पुण्यतिथि पर लंदन में मौजूद रहने की संभावना है। वह वेलचाइल्ड अवार्ड्स में भी शामिल होंगे। हालांकि उनके भाई विलियम ने कथित तौर पर इस निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। प्रिंस हैरी अमेरिका में रहते हैं।

डेली मेल की खबर के अनुसार, बकिंघम पैलेस के अधिकारियों के साथ एक अनौपचारिक सुलह वार्ता के बाद ड्यूक ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी और उनके पिता किंग चार्ल्स द्वितीय के बीच मुलाकात होनी लगभग तय है। एक अमेरिकी सूत्र के अनुसार, अब दोनों पक्षों में काफी हद तक पारिवारिक मुद्दे सुलझ गए हैं। प्रिंस हैरी की टीम और पैलेस ने बातचीत का सुखद रास्ता खोल दिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले किंग चार्ल्स द्वितीय का कैंसर का इलाज हुआ है। इस नियोजित मुलाकात के दौरान संभवतः हैरी की पत्नी मेघन मर्केल अपने दोनों बच्चों आर्ची और लिलिबेट के साथ कैलिफोर्निया में ही रहेंगी। किंग चार्ल्स द्वितीय ने दोनों बच्चों से आखिरी बार जून 2022 में मुलाकात की थी। बताया गया है कि पिछले महीने हैरी और मेघन की नई संचार प्रमुख मेरेडिथ मेन्स ने किंग चार्ल्स द्वितीय के संचार सचिव टोबिन एंड्रिया से रॉयल ओवर-सीज लीग (आरओएसएल) में मुलाकात की थी। यह



स्थान किंग चार्ल्स द्वितीय के लंदन निवास क्लेरेंस हाउस से तीन मिनट की पैदल दूरी पर है। मई में हैरी ने कहा था कि वह 'सुलह चाहते हैं' क्योंकि उन्हें नहीं पता कि 'मेरे पिता के पास और कितना समय है'। सनद रहे 2020 में हैरी और मेघन ने कार्यकारी शाही परिवार के सदस्य के रूप में पद छोड़ा था।

## क्वेटा में आईएसआई और सीटीडी के अधिकारी पांच बलोच छात्रों को घरों से उठा ले गए

**एजेंसी**

**क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान।** बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में आधी रात एक घर पर हुई छापेमारी के दौरान कम से कम पांच बलोच छात्रों को पाकिस्तान के अधिकारी जबरिया उठा ले गए हैं। बताया गया है कि आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों ने तड़के लगभग 3:30 बजे क्वेटा के एस्सा नगरी इलाके में एक घर पर छापा मारा। यहां से वह कम से कम पांच छात्रों को अगवा कर अपने साथ ले गए। द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के अधिकारियों ने मोहम्मद यासीन (17), शबीक (18), कदीर अहमद (18), कदीर लल्ला (17) और अकरम तकसीर (16) को अगवा किया है। विवरण के अनुसार, मोहम्मद यासीन पुत्र मिस्कान, निवासी शापुक तुरबत केच, शबीक पुत्र मोहम्मद असलम, निवासी शापुक तुरबत केच, कदीर अहमद पुत्र पुलेन निवासी उमेरी खेन



सामी तुरबत केच और कदीर लल्ला पुत्र लल्ला, निवासी उमेरी खेन सामी तुरबत केच एफएससी के छात्र हैं। इनके साथ अगवा किया गया अकरम तकसीर पुत्र तकसीर अहमद, निवासी उमेरी खेन सामी तुरबत केच मैट्रिक में पढ़ता है। बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने बयान में इस घटना की पुष्टि करते हुए अगवा किए गए सभी छात्रों की तत्काल रिहाई की मांग की है। बीवाईसी ने कहा कि इससे पहले खुफिया एजेंसियों, आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) और पुलिस कर्मियों ने बुधवार रात करीब 8:00 बजे गोलिमार चौक पर संगठन के सक्रिय सदस्य नजर मरी को हिरासत में लिया। तब से उसका कुछ पता नहीं है। इसके अलावा पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर 21 अगस्त को यासीन के बेटे अजमल को अगवा कर लिया है। अवारन के झाओ इलाके से इब्राहिम के बेटे मीरान नाम को अगवा कर लिया गया है।

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने शुरू की यूएन प्रतिबंध बहाल करने की प्रक्रिया

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क/लंदन/पेरिस।** फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों को फिर से लागू करने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब ईरान के खिलाफ कूटनीतिक प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं और उसका परमाणु कार्यक्रम लगातार आगे बढ़ रहा है। तीनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) के तहत मौजूद 'स्नैपबैक मैकेनिज़्म' को सक्रिय कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत 30 दिनों में प्रतिबंध दोबारा लागू हो सकते हैं, हालांकि इस अवधि में ईरान को स्थिति सुधारने का मौका मिलेगा।

विदेश मंत्रियों के संयुक्त बयान में कहा गया, आज ईरान का जेसीपीओए का उल्लंघन स्पष्ट और जानबूझकर है। उसके कई प्रमुख संवर्धन स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी



(आईएईए) की निगरानी नहीं हो रही। उच्च संवर्धित यूरेनियम का कोई नागरिक औचित्य नहीं है।बयान में आगे कहा गया कि ईरान का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। ब्रिटिश अधिकारियों के अनुसार, यह निर्णय हल्के में नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि ईरान के महत्वपूर्ण उल्लंघनों, उच्च स्तर के यूरेनियम भंडार और कूटनीतिक समझौते के लिए पर्याप्त प्रतिक्रिया की कमी के कारण यह कदम उठाना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि वे अब भी कूटनीतिक समाधान के पक्षधर हैं और इसे बातचीत का अंत नहीं मानते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ई3 के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, मैं ईरानी नेताओं से अपील करता हूं कि वे ऐसे कदम उठाएं जिससे उनका देश कभी परमाणु हथियार न बना सके। शांति का रास्ता अपनाएं और ईरानी जनता की समृद्धि सुनिश्चित करें। वहीं, ईरान की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया अब तक नहीं आई है। हालांकि तेहरान ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर प्रतिबंध फिर लगाए गए तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे में प्रतिबंध को लेकर उठाए जा रहे कदम क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा सकते हैं, खासकर जब मध्य पूर्व पहले ही अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है।

## यूएन सुरक्षा परिषद ने लेबनान शांति मिशन को 2026 तक बढ़ाया, फिर शुरू होगा अंतिम वापसी चरण

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने लेबनान में लंबे समय से चल रहे शांति मिशन को 'अंतिम बार' बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह मिशन 31 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा, जिसके बाद एक साल के भीतर इसकी क्रमबद्ध और सुरक्षित वापसी शुरू होगी। सुरक्षा परिषद ने फ्रांस द्वारा तैयार मसौदे को सर्वसम्मति से मंजूरी दी। प्रस्ताव में कहा गया है कि लेबनान सरकार के साथ परामर्श कर 2026 के अंत से एक साल के भीतर यूएन इंटरिम फोर्स इन लेबनान (यूनीफिल - NIFIL) की वापसी की जाएगी, ताकि दक्षिणी लेबनान में सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल लेबनान सरकार के हाथ में हो। यूएन इंटरिम फोर्स इन लेबनान (ह्ढ्ढस्नढ्ढरु) की स्थापना 1978 में हुई थी। यह मिशन दक्षिणी लेबनान और इजराइल की सीमा पर निगरानी करता है। 2006 में इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच युद्ध के बाद इसके अधिकार बढ़ाए गए थे, ताकि शांति सैनिक लेबनानी सेना के साथ मिलकर हथियारबंद समूहों को रोक सकें। हालांकि, हिज्बुल्लाह के प्रभाव के कारण यह मिशन विवादों में रहा है। इजराइल के यूएन राजदूत डैनी डैनन ने कहा, 'दशकों तक यूनीफिल का विस्तार केवल भ्रम साबित हुआ है। इस मिशन ने हिज्बुल्लाह को खतरनाक क्षेत्रीय ताकत बनने दिया।' अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि यह यूनीफिल के लिए अंतिम विस्तार है। अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत डोरोथी शीया ने कहा, 'लेबनान की सुरक्षा स्थिति में पिछले एक साल में बड़ा बदलाव आया है। अब समय है कि लेबनान अधिक जिम्मेदारी ले।'

## ग्रीनलैंड में अमेरिकी प्रभाव अभियान की रिपोर्ट पर डेनमार्क ने यूएस दूत को किया तलब

**एजेंसी**

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क सरकार ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया, जब देश के सार्वजनिक प्रसारक द्वारा यह रिपोर्ट सामने आई कि कुछ अमेरिकी नागरिक ग्रीनलैंड में कथित तौर पर 'प्रभाव अभियान' (influence operations) चला रहे हैं।

डेनमार्क के सार्वजनिक प्रसारक डीआर की जांच में दावा किया गया है कि कम से कम तीन अमेरिकी नागरिक, जिनके संबंध पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बताए जा रहे हैं, ग्रीनलैंड में सक्रिय रूप से अभियान चला रहे हैं। बताया गया कि इन लोगों का मकसद स्थानीय समाज में घुसपैठ कर जनमत को प्रभावित करना है, ताकि ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने का ट्रंप का सपना आगे बढ़ सके। ग्रीनलैंड, जो अटलांटिक में स्थित एक विशाल और संसाधन-समृद्ध द्वीप है, डेनमार्क



का स्वायत्त क्षेत्र है। ट्रंप ने अतीत में कई बार यह इच्छा जताई थी कि यह द्वीप अमेरिका का हिस्सा बनना चाहिए, हालांकि डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों इस विचार का विरोध करते रहे हैं।

डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा, हमें पता है कि विदेशी तत्व ग्रीनलैंड और उसके साम्राज्य में स्थान को लेकर रुचि दिखाते रहे हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है कि हमें भविष्य में ऐसे बाहरी प्रयासों का सामना करना पड़े। अमेरिकी विदेश विभाग ने पुष्टि की कि यूस चार्ज्ड अफेयर प्रभारी मार्क स्ट्रोह ने डेनमार्क के विदेश मंत्रालय से मुलाकात की। एक प्रवक्ता ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही और दोनों देशों तथा ग्रीनलैंड के बीच मजबूत संबंधों की फिर से पुष्टि की गई। हालांकि प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी सरकार को निजी नागरिकों की कार्रवाइयों पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

उन्होंने कहा, अमेरिकी सरकार निजी नागरिकों के कार्यों को नियंत्रित नहीं करती। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि अमेरिका ग्रीनलैंड की जनता के अपने भविष्य तय करने के अधिकार का सम्मान करता है।

## पाकिस्तान के बलोचिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमला, सूबेदार समेत कई जवान मारे गए

**एजेंसी**

**क्वेटा (बलोचिस्तान)।** बलोचिस्तान के पंजगुर और कच्छी जिलों में एक सशस्त्र समूह ने पाकिस्तान के सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर बम विस्फोट किए गए। हमलों में एक सूबेदार समेत कई सुरक्षाकर्मी मारे गए। अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। ना ही पाकिस्तान के अधिकारियों ने दोनों जिलों के हमले के संबंध में कोई बयान जारी किया है।

द बलोचिस्तान पोस्ट की आज की खबर में कहा गया है कि कच्छी जिले के कोलपुर इलाके में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के एक बम निरोधक दस्ते पर रेलवे ट्रैक साफ करते समय एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हमला हुआ। उसी इलाके में एक और हमले में कथित तौर पर एक सुरक्षा वाहन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा पंजगुर जिले के पारोम इलाके में एक चौकी से रवाना हो रहे सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाकर आईईडी विस्फोट किया गया। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इस विस्फोट में सूबेदार अब्दुल रज्जाक समेत कई सुरक्षाकर्मी मारे गए।इसके अलावा क्वेटा में हथियारबंद लोगों ने मियां घुंडी इलाके में पुलिसकर्मियों को बंधक बनाकर उनके हथियार छीन लिए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इसके बाद पुलिस वालों



को छोड़ दिया गया। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अभी तक हमलों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है, और किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

## इमरान के भतीजे शेर शाह खान को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** लाहौर की एक आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के भतीजे शेर शाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने जांच अधिकारी की हिरासत अवधि बढ़ाने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार जांच अधिकारी मोहम्मद अशरफ जावेद ने 23 अगस्त को दी गई पांच दिन की रिमांड 30 दिन और बढ़ाने की मांग की। जांच अधिकारी ने दलील दी कि शाह का मोबाइल फोन और घटना के समय कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया एक मास्क बरामद करना है। साथ ही उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स की जानकारी भी हासिल करनी है। इस पर अदालत ने कहा कि पर्याप्त जांच पहले ही की जा चुकी है और तकनीक और डिजिटल उपकरणों के वर्तमान युग में सोशल मीडिया अकाउंट्स का पता लगाने के लिए अभियुक्त की और हिरासत की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद अदालत ने हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग खारिज करके शाह को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने जांच अधिकारी को निर्धारित अवधि के भीतर चालान पेश करने का निर्देश दिया। इमरान की बहन अलीमा खान के बेटे शाह को 11 सितंबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा।

## जापान के टोक्यो में भारतीय समुदाय के स्नेह से प्रधानमंत्री मोदी प्रभावित, कहा-यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग की नई संभावना को देगी आकार

**एजेंसी**

**टोक्यो (जापान)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी जापान की दो दिवसीय यात्रा के तहत राजधानी टोक्यो पहुंच चुके हैं। टोक्यो में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनसे मुलाकात की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब से कोई दो घंटे पहले इस मुलाकात के फोटो और विवरण को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'टोक्यो में भारतीय समुदाय के स्नेह ने मुझे बहुत प्रभावित किया। यह सचमुच प्रशंसनीय है कि कैसे वे जापानी समाज में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए हमारी सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित रखते हैं।अगले कुछ घंटों में मैं भारत और जापान के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करूंगा। '

प्रधानमंत्री मोदी ने जापान की राजधानी पहुंचने के बाद एक अन्य एक्स पोस्ट में लिखा,'मैं टोक्यो पहुंच गया हूं। भारत और जापान विकास सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि यह यात्रा प्रधानमंत्री इशिबा और अन्य लोगों के साथ विचारों के आदान-प्रदान, हमारी मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करने और सहयोग की नई संभावनाओं को तलाशने का अवसर प्रदान करेगी।

**भारत रक्षा के क्षेत्र में जापान के साथ काम करेगा**

प्रधानमंत्री मोदी ने जापान यात्रा शुरू करने से पहले योमिउरी शिंबुन समाचार पत्र को दिए लिखित साक्षात्कार में कहा कि भारत रक्षा के क्षेत्र में जापान के साथ और अधिक निकटता से काम करेगा। द जापान न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुरक्षा सहयोग पर जापान-भारत संयुक्त घोषणापत्र, जिसे उनकी यात्रा के दौरान संशोधित किया जाना है, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आकार देने की हमारी महत्वाकांक्षा को आगे बढ़ाएगा।

संयुक्त घोषणापत्र का संशोधित मसौदा (जिस पर मूल रूप से 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे) आर्थिक सुरक्षा और रक्षा उद्योग में सहयोग जैसे नए क्षेत्रों को शामिल करता है। जापान और भारत ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और मोदी के बीच होने वाली बैठक के दौरान संशोधित दस्तावेज के आदान-प्रदान करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग भारत और जापान के लिए एक मजबूत सफलता की कहानी रहा है। उन्होंने लिखा, रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी जापान का एक सिद्ध रिकॉर्ड है। राजनीतिक विश्वास और सहयोग के साथ हम न केवल अपने बल्कि दुनिया के लिए भी अगली पीढ़ी के रक्षा प्लेटफॉर्म डिजाइन और उत्पादन कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, भारत के पैमाने और क्षमताओं को जापान की उन्नत तकनीकों के साथ जोड़कर हम एक लचीली और विश्वसनीय सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला का निर्माण कर सकते हैं। इस क्षेत्र में सहयोग भारत-जापान साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ बनेगा। साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में एक हाई-स्पीड रेल परियोजना का भी वर्णन किया। यह परियोजना जापान की शिंकानसेन प्रणाली को अपनाएगी। उन्होंने कहा कि यह रेल परियोजना वाणिज्यिक केंद्र मुंबई और औद्योगिक शहर अहमदाबाद को जोड़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वह है-देश में 7,000 किलोमीटर हाई-स्पीड रेल नेटवर्क उपलब्ध कराना। मैं इस प्रयास में जापानी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत करता हूं। योमिउरी शिंबुन की खबर के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त की सुबह जापान पहुंचे। आज दोपहर वे जापान के प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री इशिबा से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता जापान और भारत के बीच सुरक्षा सहयोग और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित एक संयुक्त वक्तव्य जारी करेंगे। मई 2023 के बाद यह मोदी की पहली जापान यात्रा है।

देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड, address- 14 no V ki sikar Road